# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, सोमवार, 09 फरवरी 2026 | वर्ष- 09 | अंक- 42 | पेज- 08 | मूल्य- 1 रुपए/-





## संक्षिप्त समाचार

### शहरी 2.0 के आदेश पर अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने जताया आभार, मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ नेताओं को कहा धन्यवाद



**डोंगरगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने हेतु जारी किए गए शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देशों पर नगर पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव अंजू त्रिपाठी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने इस जनहितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साहू, कैबिनेट मंत्री तोखन साहू एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत पात्रता को लेकर जारी किए गए स्पष्ट दिशा-निर्देशों से उन गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी, जो कच्चे, जर्जर अथवा आपदा से प्रभावित मकानों में रहने को मजबूर हैं। अब सही पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने कहा कि नगर निकायों को दी गई जिम्मेदारी से योजना का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी होगा तथा हर गरीब को पक्का मकान का सपना साकार होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत जारी दिशा-निर्देश गरीबों के लिए बड़ी राहत हैं। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी, उप मुख्यमंत्री अरुण साहू जी, कैबिनेट मंत्री तोखन साहू जी एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी का आभार व्यक्त करती हूँ।

### शहर से नवीन मेला मैदान पहुंचाने दो यात्री बस दे रहे सेवा

**गरियाबंद ।** कुंभ कल्प मेला में नवीन मेला मैदान चौबेबांधा तक पहुंचने के लिए परिवहन विभाग जिला गरियाबंद द्वारा दो यात्री बस की सुविधा मुहैया कराई गई है। यह सेवा निशुल्क है। दिन भर कई बार आना-जाना कर रहे हैं जिनमें से एक बस राजिम के बस स्टैंड में खड़ी रहती है और दूसरी मेला मैदान में। यह बस लाने का तो काम करते ही हैं साथ में ले जाने के लिए भी यात्रियों का इंतजार करते रहते हैं। बताना होगा कि बस स्टैंड से नवीन मेला मैदान सड़क मार्ग से दूरी तकरीबन ढाई किलोमीटर है जिनके पास खुद के वाहन है वह तो आना-जाना कर पा रहे हैं लेकिन जो पैदल यात्री है उनके लिए प्रशासन ने गंभीरता से विचार किया और बस सुविधा प्राप्त किया है। बताना होगा कि बस में सुरक्षा के लिए पुलिस के बल तैनात किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी या फिर तकलीफ का सामना न करना पड़े।

# हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा दिल्लीवार समाज : भूपेश बघेल

- दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ का तीन दिवसीय अधिवेशन का समापन
- मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया

**विजय मत, बालोद**



**बालोद।** दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ का तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय सम्मेलन ग्राम देवरी ख में हुआ। अंतिम दिवस रविवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। उन्होंने अपने लंबे उद्बोधन में कहा कि समाज को वर्तमान से ज्यादा भविष्य पर नजर रखना होगा। भविष्य हमारा सुदृढ़ हो इसलिए आज से हमें उन पर योजना बनानी होगी। उन्होंने समाज में कुरीतियों को दूर करने अपनाये जा रहे नियमों का बखान किया। महिलाओं की उपस्थिति को लेकर कहा कि जिस समाज में महिलाएं जागरूक हो गई तो उस समाज का विकास कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने समाज के क्रियाकलापों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन ने की।

कार्यक्रम के तृतीय दिवस का कार्यक्रम सुबह समाज के पुरोधाओं की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर किया गया। प्रारंभ में महिला समिति का आयोजन हुआ। इसमें महिला समिति अध्यक्ष प्रीती देशमुख ने महिला समिति द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्यों की जानकारी दी। सचिव पुष्पा पिपरिया ने प्रतिवेदन पढ़ा। कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए महिलाओं का सम्मान किया गया। इसमें ओम देशमुख, रीना देशमुख, कुसुम देशमुख आदि का सम्मान किया गया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन ने कहा कि आज समाज लगातार विकास कर रहा है। हमारे समाज की महिला समिति और युवा समिति पुरजोर सक्रियता दिखा रही है। आज के युवा हमारे समाज के भविष्य हैं। हमें उन्हें मजबूती के साथ सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए कई नियम बनाए गए हैं, उनका पालन करने की जिम्मेदारी हम सबकी है, तभी समाज विकास करेगा। उन्होंने कहा कि आज समाज शिक्षा के क्षेत्र में अपना डंका बजा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में आए सुझावों का गंभीरता से विचार किया जाएगा और जो उचित हो निश्चित रूप से समाज उसका पालन करेगा। समाज के महामंत्री ललित देशमुख ने समाज की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि समाज निरंतर विकास कर रहा है। समाज विकास के लिए सभी वर्गों से राय विचार विमर्श किया जा रहा है। महिला समिति के कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, समाज के संरक्षक कालीशरण देशमुख, चंद्रिका देशमुख, उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप देशमुख, यशवंत दिल्लीवार सलाहकार, अध्यक्ष प्रीती देशमुख, सचिव पुष्पा पिपरिया, युवा समिति अध्यक्ष हेमंत देशमुख, आदि रहे।

## नशीली सामग्री पर पुलिस की कार्रवाई, वहीं हत्या-चोरी की घटनाओं से सुरक्षा पर उठे सवाल

**विजय मत, कवर्धा**



शहर में प्रतिबंधित नशीली सामग्री के खिलाफ कबीरधाम पुलिस ने व्यापक अभियान चलाते हुए प्रमुख बाजारों, पान ठेलों और दुकानों में एक साथ सघन औचक जांच की। पुलिस टीम ने कई स्थानों से गोगो पेपर सहित अन्य प्रतिबंधित नशीली सामग्री जब्त करते हुए संबंधित संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि दोबारा बिक्री पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह और अमित पटेल के मार्गदर्शन में डीएसपी कृष्णा चंद्राकर के नेतृत्व तथा थाना प्रभारी योगेश कश्यप की टीम द्वारा यह अभियान चलाया गया। जांच के दौरान संदिग्ध दुकानों, किराना प्रतिष्ठानों और अस्थायी ठेलों की बारीकी से तलाशी ली गई तथा मौके पर ही प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवाओं को नशे से दूर रखने और शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। हालांकि शहर में नशे के खिलाफ कार्रवाई के बीच कानून-व्यवस्था को लेकर नागरिकों में चिंता भी बनी हुई है। बीते दिवस कवर्धा मुख्यालय में एक युवक की हत्या की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं जैन मंदिर पचराही में दान पेटी तोड़कर लगभग दो लाख रुपये की चोरी की घटना में भी अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। शहरवासियों का कहना है कि नशे के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ हत्या और चोरी जैसी गंभीर घटनाओं पर भी त्वरित कार्रवाई आवश्यक है, ताकि अपराधियों में कानून का भय बने और शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी मामलों की जांच जारी है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## फिजूलखर्ची छोड़कर बाबा गुरु घासीदास के बताये सादगी विवाह को गर्व के साथ अपनाने की जरूरत : मंत्री गुरु खुशवंत साहेब

**विजय मत, सारंगढ़**




कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा व रोजगार, अजा विकास विभाग मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का रविवार को सारंगढ़ प्रवास रहा, जहाँ केबिनेट मंत्री प्रदेश स्तरीय सतनामी समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छग शासन निरंतर सतनामी समाज के लिए किए जा रहे सबका साथ सबका विकास के कार्यों, प्रदेश में गुरु घासी दास बाबा के मेलाआयोजन के लिए स्वीकृत राशि का अपने संबोधन में जिक्र किया ।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि- बाबा गुरु घासीदास जी सादा जीवन, उच्च विचार के जो संदेश दिए हैं जो संस्कृति, संस्कार बताए गए हैं, उसके सादगी विवाह की परम्परा को हमें गर्व के साथ अपनाने की जरूरत है। केबिनेट मंत्री ने कहा कि- जिस प्रकार आज हम दिखावे की ओर आगे बढ़ रहे हैं उससे लड़का ढूंढना है या लड़की ढूंढना है तो हम सब लोगों को कितना परेशानी होती है। आज लोग विवाह को सम्मान और इज्जत के रूप में देखते हैं व मन मुताबिक शादी करते हैं भले ही कर्ज लेना पड़े। दिखावे से थोड़ा उठके हमें सादा विवाह की राह पहले से ही गुरु घासी दास ने दी है। इसमें किसी प्रकार का खर्च नही है। समाज में एक दूसरे के प्रति प्रेम की भावना स्थापित करें।

**मंत्री ने कहा कि** - गिरोधपुरी हो, भंडारपूरी हो, लालपुर धाम हो, चाहे हर जगह के लिए करोड़ों रुपए पैसा स्वीकृत है । किसी प्रकार के कोई कमी नहीं है सिर्फ धार्मिक स्थल की उन्नति व विकास है । सारंगढ़ में प्रति वर्ष बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती मनाई जा रही है। छग सरकार के पूर्व मुख्य मंत्री डॉ रमन सिंह ने इसके लिए राशि स्वीकृत की है जो आज तक चल रही है। आज मात्र 2 साल के अंदर में मुख्यमंत्री जी ने हमारा हमेशा लगातार सहयोग किया है। शिक्षा के स्तर में भी सीजीपीएससी में एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर बनते हैं, उसकी फ्री कोचिंग की व्यवस्था राज्य सरकार ने की है। पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू किए हैं । छग सरकार में सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र से सर्व समाज के उन्नति व विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्य कर रहे हैं।

## बरबसपुर में वन अग्नि प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित,वनों को आग से बचाने की गई अपील

**विजय मत, कसडोल**



बल्दाकछार परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में 7 फरवरी शनिवार को वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार एवं उनकी उपस्थिति में वन अग्नि प्रबंधन पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य आगामी अग्नि सीज़न 2026 (दिनांक 16 फरवरी से 15 जून) के दौरान वनों को आग से सुरक्षित रखने हेतु पूर्व तैयारी, समन्वय एवं सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना रहा।कार्यशाला के दौरान पिछले पाँच वर्षों में घटित वन अग्नि प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा संबंधित बीट गार्डों, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ आग लगने के प्रमुख कारणों एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि आग की घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके।

कार्यशाला में वन अग्नि के प्रमुख कारणों की जानकारी दी गई, जिनमें मानव द्वारा जानबूझकर अथवा लापरवाही से आग लगाना, धूम्रपान के दौरान बीड़ी-सिगरेट फेंकना, महुआ संग्रह के समय सूखे पत्तों को जलाना, कृषि कार्यों के दौरान पराली, घास एवं झाड़ियों को जलाना तथा पशु चरवाहों द्वारा आग का उपयोग जैसे कारण शामिल हैं। इन कारणों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए सभी उपस्थित जनों को सतर्क रहने एवं दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया।

वन अग्नि की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अपनाए जा रहे उपायों की जानकारी देते हुए बताया गया कि अग्नि घटना नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, वनों में सतत गश्त हेतु स्ट्राइक फोर्स वाहनों के माध्यम से विशेष दलों की तैनाती की जाती है तथा कार्य आयोजना के प्रावधानों के अनुसार 6 मीटर एवं 12 मीटर चौड़ी फायर लाइनों की कटाई कर फायर वाचरों के माध्यम से सुरक्षा कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त, महुआ संग्रह से जुड़े संभावित अग्नि प्रकरणों को रोकने हेतु वन क्षेत्रों में स्थित महुआ वृक्षों की ग्रामवार गणना कर सूचीबद्ध किया जाता है।प्रत्येक ग्राम में पोस्टर, मुनादी एवं प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को वन अग्नि से होने वाली क्षति एवं उसके दुष्परिणामों के प्रति संवेदनशील बनाया जा सके। आग की रोकथाम के लिए अत्याधुनिक अग्नि सुरक्षा उपकरणों, विशेषकर फायर ब्लोअर का उपयोग भी किया जा रहा है। विगत दो वर्षों के अग्नि प्रकरणों के विश्लेषण के आधार पर अधिक संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी दलों की तैनाती की जाती है।इस कार्यशाला के दौरान सभी वन प्रबंधन समिति सदस्यों एवं उपस्थित जनों के साथ संवाद स्थापित किया गया।

### भुईयां के भगवान सम्मान से सम्मानित परसाडीह का कृषक

**सारंगढ़।** ऐतिहासिक गौरव ग्रापं खर्री बड़े के आश्रित ग्राम परसाडीह के परिश्रमी, समर्पित , कर्मयोगी व प्रगति शील किसान श्याम कुमार पटेल को कोदों, कुटकी, रागी, ज्वार एवं बाजरा जैसी पारंपरिक व पोषक फसलों की उत्कृष्ट खेती हेतु ड्डक्ष्ट 24 द्वारा भुइंया के भगवान अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दिनांक 6 फरवरी 2026 को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में छग शासन के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव एवं ड्डक्ष्ट 24 के एडिटर चीफ रविकांत मित्तल के करकमलों से प्रदान किया गया । श्याम कुमार पटेल की यह उपलब्धि न केवल ग्राम परसाडीह बल्कि पूरे ग्राम पंचायत खर्री बड़े के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन एवं नवाचार से क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा दायक उदाहरण प्रस्तुत किया है तथा पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## विधायक मोहला और खुज्जी रहे मुख्य अतिथि शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

**विजय मत, छुरिया**




विगत दिनों अंबागढ़ चौकी क्रिकेट मैदान में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता 07 एवं 08 फरवरी 2026 का शुभारंभ हर्षोल्लास और खेल भावना के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू एवं मोहला विधानसभा के विधायक इंद्रशाह मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया तथा सभी टीमों को उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल भावना बनाए रखने की शुभकामनाएँ दीं। आयोजकों द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज द्वारा आयोजित ऐसे खेल आयोजन आपसी सद्भाव, अनुशासन एवं शारीरिक मानसिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं।

उन्होंने शिक्षक फेडरेशन के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए भविष्य में जिला स्तर एवं अन्य विकासखंडों में भी ऐसे आयोजनों के विस्तार का सुझाव दिया। कार्यक्रम में मुकेश सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अंबागढ़ चौकी, रितेश मेश्राम पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी, मनीष मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष टीचर फेडरेशन, झरनेश कुम्भकार पार्षद, गोपीचंदा देवांगन पार्षद, खेदीबाई अमिला पार्षद, उदेराम साहू प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस, बिरेन्द्र मसिया जिलाध्यक्ष हल्बा समाज, रफीक खान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, जितेन्द्र उइके जनपद सदस्य प्रतिनिधि , विकास लाउत्रे मंडल प्रभारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि ,सामाजिक कार्यकर्ता, खंड शिक्षा अधिकारी ,फेडरेशन के पदाधिकारी, शिक्षकगण , खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### भ्रस्ट अधिकारी/कर्मचारियों को बचाने लामबंद हो रहे भाजपा नेता : छन्नी चन्दू साहू

**विजय मत, छुरिया**



खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विगत दिवस छुरिया विकासखंड कुही सोसायटी के ग्राम टिपानगढ़ के एक कृषक के धान खरीदी को लेकर प्रशासन द्वारा निर्देशित सत्यापन टीम के लापरवाही से उपजे विवाद को लेकर क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने गंभीरता दिखाकर किसानों के साथ खड़ी होकर तहसील कार्यालय छुरिया में धरना देकर प्रशासन के समक्ष किसानों की समस्या से अवगत कराया, साथ ही धरने पर बैठे किसानों द्वारा पटवारी की लिखित शिकायत ह्यस्त्रद्व को दिया गया,जहां पाया गया कि सत्यापन टीम के लापरवाही एवं अनियमितता पाई गई जिस पर एसडीएम डोंगरगांव के द्वारा उक्त सत्यापन टीम के पटवारी पर कठोर कार्यवाही करने की आश्वासन दिया गया। तब कहीं जाकर धरना खत्म किया गया परंतु आज पर्यन्त तक उक्त कर्मचारी पर कार्यवाही शून्य है। जहां एक और छत्तीसगढ़ की साय सरकार सुशासन की बात करते हैं वहीं दूसरी ओर भाजपा के लोग ही भ्रष्ट अधिकारी/ कर्मचारियों को बचाने लामबंद हो रहे हैं, पूर्व विधायक ने आगे कहा कि ये कैसा सुशासन है।

## हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव की जिला बैठक संपन्न

- राज बहादुर बने जिला सक्षम केंद्र प्रभारी, आशीष को मिली प्रचार आयाम की जिम्मेदारी

**विजय मत, राजनांदगांव**





हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक महेश्वरी भवन, रामाधीन मार्ग में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, दायित्व निर्धारण एवं समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से राज बहादुर सिंह को हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव का जिला सक्षम केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया, वहीं आशीष तिवारी को संगठन के प्रचार आयाम का जिला प्रमुख बनाया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दोनों दायित्वधारियों को बधाई देते हुए संगठन हित में पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक के दौरान प्रमुख वक्ताओं ने महिला सुरक्षा एवं महिला सम्मान जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है और हिंदू जागरण मंच इस दिशा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति एवं राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि हिंदू जागरण मंच का प्रत्येक कार्यकर्ता मातृभूमि की रक्षा के लिए आवश्यक होने पर अपने प्राणों का बलिदान देने को भी सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करना समय की आवश्यकता है।

बैठक में धर्म रक्षा, स्वावलंबन एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव होता है, इसलिए स्वदेशीए स्वावलंबन और समाज को संगठित करने के प्रयासों को और अधिक गति दी जाएगी। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का समापन राष्ट्रहित एवं धर्मरक्षा के संकल्प के साथ किया गया। हिंदू जागरण मंच के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुई। बैठक में प्रमुख रूप से सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, सविता बोस, प्रभात गुप्ता, राजा मौसमी शर्मा, हेमलाल ढीमर, मिथिलेश चंदेल, जुगल किशोर गुप्ता, विद्या यादव, मनोज मालू, राज सोनकर, गोविंद साहू, महेंद्र जंघेल, आनंद गुप्ता, राजू सोऊ, आशीष कुमार स्वर्णकार, रोहित तिवारी, संतोष टूरहते, श्रेयांश व्यास, हरीश भानुशाली, कांति मौर्य, श्रीमती जनक गुप्ता, ममता शर्मा, माया शर्मा, मंजू यादव, गायत्री गौतम, मुनमुन पोरिया, संगीता शुक्ला, बंटी साहू, राजकुमार सिन्हा, सुनिता सिन्हा, अभय सिन्हा, हेमंत कश्यप, लक्ष्मण सिंह साहू, राजेश खंडेलवाल एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जुआरियों पर डोंगरगढ़ पुलिस की कार्यवाही रेलवे चौक के पास खेल रहे थे जुआ

**विजय मत, डोंगरगढ़**

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक संतोष जायसवाल अपने पुलिस स्टाफ के साथ अवैध शराब बिक्री पर नियंत्रण रखने, तस्करों पर निगरानी रखने तथा सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमारों, चाकूबाजों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर सतत कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 07-02-2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे चौक स्थित अन्ना इडली दुकान के पीछे डोंगरगढ़ में कुछ व्यक्ति 52 पत्ती ताश से रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए डोंगरगढ़ पुलिस स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान कुल 07 जुआरियों को 52 पत्ती ताश से रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपीगण से कुल 51,070/- रुपये जप्त कर उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(1) के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में ASI डेज लाल माण्डले, आरक्षक युगेंद्र देशमुख, किशन चंद्रा, राम खिलावन, नरेंद्र प्रजापति, अविलाश ढीढी, दिलीप साहू, हरदयाल कंवर, लीलाधर मंडलोई एवं चोवराम नेताम का विशेष योगदान रहा।

ज्ञानामृत

दुःख को दूर करने की एक ही औषधि है मन से दुखों की चिंता न करना।

▶▶ वेदव्यास


# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित


छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, सोमवार, 09 फरवरी 2026 | वर्ष- 09 | अंक- 42 | पेज- 08 | मूल्य- 1 रुपए/-


## न्यूज इन शॉर्ट

### गौरव गोगोई से जुड़े मामले गृह मंत्रालय को भेजने की तैयारी में असम सरकार

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई से जुड़े एक मामले को लेकर असम



सरकार ने केंद्र को पत्र भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने आरोप लगाया है कि गोगोई की पत्नी के कथित रूप से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध रहे हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए इसे औपचारिक रूप से गृह मंत्रालय के संज्ञान में लाया जाएगा।सरकारी सूत्रों के अनुसार, असम सरकार उपलब्ध तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिसे जल्द ही केंद्र को सौंपा जाएगा। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि यदि किसी जनप्रतिनिधि या उनके परिवार से जुड़ा मामला देश की सुरक्षा से संबंधित हो, तो उसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है।

### पत्नी पर आरोपों को गोगोई ने नकारा, सीएम हिमंता की प्रेस कॉन्फ्रेंस को बताया 'सुपर फ्लॉप'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस असम अध्यक्ष और लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा अपनी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न गोगोई के



खिलाफ लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए इसे "सुपर फ्लॉप" प्रेस कॉन्फ्रेंस करार दिया। एक एक्स पोस्ट में, गोगोई ने सरमा के आरोपों का जवाब देते हुए समय परिवर्तन यात्रा का हवाला दिया, जिसे कांग्रेस ने राज्य में भाजपा द्वारा कथित भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक राजनीति को उजागर करने के लिए शुरू किया था। कांग्रेस सांसद ने लिखा, "दिल्ली और असम के उन पत्रकारों पर मुझे तरस आता है जिन्हें सदी की सबसे घटिया प्रेस कॉन्फ्रेंस झेलनी पड़ी। यह किसी सी-ग्रेड फिल्म से भी बदतर थी।

### सॉवरेन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल स्ट्रैटेजी नतीजे दे रही: वैष्णव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि सॉवरेन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल स्ट्रैटेजी नतीजे दे रही है।



इस दौरान उन्होंने घरेलू स्टार्टअप सर्वम एआई द्वारा जारी किए गए एक एडवांस्ड मॉडल की तारीफ की। पिछले साल इस स्टार्टअप को देश का पहला एआई फाउंडेशनल मॉडल बनाने के लिए चुना गया था। 67 प्रपोजल में से सर्वम एआई को भारत का पहला स्वदेशी फाउंडेशनल मॉडल बनाने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। मंत्री वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हमारे एआई मिशन के हिस्से के रूप में सर्वम द्वारा जारी किए गए टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड मॉडल की सबसे ज्यादा आलोचना करने वाले लोग भी तारीफ कर रहे हैं। हमारे स्मार्ट युवा इंजीनियर मटेरियल साइंस, हेल्थकेयर और साइबर सिक्योरिटी में ऐसे इनोवेशन पर काम कर रहे हैं।

### व्यापार समझौते पर बोले गोयल, भारत पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में सक्षम

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** भारत और अमेरिका के बीच हालिया व्यापार समझौता दोनों देशों के रिश्ते को और बेहतर व नई दिशा देने की संभावना के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसे में अब केंद्रीय वाणिज्य



और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को लेकर एक बार फिर अपनी प्रतिक्रिया दी है। रविवार को उन्होंने कहा कि भारत को अगले पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान खरीदने में कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने इसे बहुत ही सुरक्षित बताया, क्योंकि उनका मानना है कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था अगले पांच साल में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की मांग पैदा करेगी।
गोयल ने बताया कि वर्तमान में भारत 300 अरब डॉलर का सामान अमेरिका से खरीद सकता है, जो अभी वह दुनिया के अन्य देशों से लेता है।

## वामपंथी उग्रवाद पर केंद्रीय गृह मंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# सुरक्षा रणनीति, सरेंडर नीति और विकास कार्यों से टूट रहा नक्सल नेटवर्क : शाह

**विजय मत, रायपुर**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 31 मार्च 2026 से पहले देश पूरी तरह नक्सल-मुक्त हो जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि केन्द्र और छत्तीसगढ़ सरकार की सुरक्षा केन्द्रित रणनीति, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, नक्सल फाइनेंशियल नेटवर्क पर प्रहार और प्रभावी आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अमित शाह रविवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, गृह मंत्रालय के विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा), छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव, सीआरपीएफ, एनआईए, बीएसएफ, आईटीबीपी के महानिदेशक तथा छत्तीसगढ़, तेलंगाना, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र के गृह सचिव एवं पुलिस महानिदेशक उपस्थित रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़



कभी नक्सली हिंसा का गढ़ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में अब यह विकास का पर्याय बन चुका है। उन्होंने कहा कि माओवाद देश की कई पीढ़ियों को गरीबी और अशिक्षा के अंधकार में धकेलने वाला विचार था, जिससे भारत अब अंतिम चरण में निजात पाने जा रहा है। बता दें कि रायपुर में हुई इस उच्चस्तरीय बैठक में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की वर्तमान स्थिति, शेष बचे नक्सल नेटवर्क, सीमा-पार आवाजाही, सरेंडर नीति और नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही राज्य में चल रही विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

### सुरक्षा और विकास–दोनों मोर्चों पर जोर

अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद से निपटने की लड़ाई बिखरी हुई नहीं होनी चाहिए। इसके लिए राज्यों और केन्द्रीय एजेंसियों के बीच सुचारू और मजबूत समन्वय जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष बचे माओवादियों को अन्य राज्यों में भागने नहीं दिया जाए और सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता और बढ़ाई जाए।

### डबल इंजन सरकार का मॉडल बताया कारगर

गृह मंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार माओवाद की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा आज खेल, फॉरेंसिक और तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ रहे हैं और साथ–साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं को भी सहेज रहे हैं, जो सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

### छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों की भी समीक्षा

बैठक के दौरान गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ में सड़क, संचार, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को विकास के समान अवसर मिलें, ताकि स्थायी शांति स्थापित हो सके।

### बस्तर पंडुम समापन समारोह में आज शामिल होंगे केंद्रीय गृहमंत्री

रायपुर। बस्तर की जनजातीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित तीन दिवसीय बस्तर पंडुम का समापन समारोह 9 फरवरी को ऐतिहासिक और भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। समापन समारोह 9 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित होगा। 'प्रकृति और परंपरा का उत्सव' थीम के साथ आयोजित बस्तर पंडुम बस्तर की माटी, लोककला, जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को देश–दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का सशक्त मंच बनकर उभरा है। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में बस्तर संभाग की विभिन्न जनजातियों की लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा, शिल्प और रीति–रिवाजों की झलक देखने को मिली।समापन समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## संघ यात्रा-100 वर्ष: नए क्षितिज कार्यक्रम में संघ प्रमुख का मत

# वीर सावरकर को भारत रत्न से नवाज़ा जाना सम्मान की प्रतिष्ठा बढ़ाएगा : मोहन भागवत

**मुंबई, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को आयोजित 'संघ यात्रा-100 वर्ष नए क्षितिज'




कार्यक्रम में संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया जारी करते हुए कहा कि यदि उन्हें यह सम्मान दिया जाता है तो इससे पुरस्कार की प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सावरकर को किसी सम्मान की ज़रूरत नहीं है क्योंकि वे पहले ही लोगों के दिलों में बसे हुए हैं, लेकिन अगर यह सम्मान उन्हें दिया जाता है तो यह भारतीय सर्वोच्च नागरिक सम्मान की प्रतिष्ठा को और ऊँचा करेगा। संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि वे उस समिति का हिस्सा नहीं हैं जो भारत रत्न देने का फैसला करती है, लेकिन यदि उन्हें मौका मिला तो वे पूछेंगे कि इस पर विलंब क्यों हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सावरकर पहले से ही लाखों लोगों के दिलों के शासक हैं।

### संघ की शताब्दी कार्यक्रम की पृष्ठभूमि

यह बयान आरएसएस के 100 साल पूरा होने वाले कार्यक्रम के दौरान आया, जिसमें देश भर से स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता और कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम में संगठन की इतिहास, विचारधारा और भविष्य की दिशा पर भी चर्चा की गई, जिसमें यह मुद्दा भी उठाया गया कि स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले नेताओं और विचारकों को सम्मानित कैसे किया जाए।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता 'लेबर ऑफ लव'

# देश की संप्रभुता और किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया है कि यह समझौता किसी दबाव या जल्दबाजी में नहीं, बल्कि आपसी भरोसे और संतुलन के साथ तैयार किया जा रहा है। उन्होंने इसे 'लेबर ऑफ लव' बताते हुए कहा कि भारत अपनी संप्रभुता, नीतिगत स्वतंत्रता और किसानों के हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने नागरिकों, विशेषकर किसानों और सूक्ष्म-लघु उद्योगों के हितों की रक्षा करना है। कृषि क्षेत्र को लेकर कोई ऐसी रियायत नहीं दी जाएगी, जिससे देश के अन्नदाताओं को नुकसान पहुंचे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत अपनी बाजार संरचना, खाद्य सुरक्षा और आजीविका से जुड़े विषयों पर पूरी मजबूती से खड़ा है। मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ते मजबूत हो रहे हैं और दोनों देश दीर्घकालिक साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



# 11वीं की छात्रा से लव जिहाद केस : मुख्य आरोपी के सहयोगी को पुलिस ने दबोचा

## मछली गैंग से जुड़ाव का खुलासा, अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क की भी जांच

**विजय मत, भोपाल/मंदसौर**

11वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दूसरी गिरफ्तारी की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी



मुख्य आरोपी का करीबी सहयोगी बताया जा रहा है। जांच में सामने आया है कि अपराध के दौरान पीड़िता को आरोपी की कार में ले जाया गया था, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में आने के बाद शुरू हुआ। पीड़िता के लापता होने पर परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने जांच तेज की। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पहले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, जबकि अब उसके सहयोगी की भूमिका सामने आने पर दूसरी गिरफ्तारी की गई है। जांच के दौरान यह भी संकेत मिले हैं कि आरोपियों के तार एक संगठित आपराधिक समूह से जुड़े हो सकते हैं।

# रक्षा, सुरक्षा , सेमीकंडक्टर और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढायेंगे भारत और मलेशिया : मोदी

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

भारत और मलेशिया ने आतंकवाद से निपटने, खुफिया जानकारी साझा करने , समुद्री सुरक्षा मजबूत करने , रक्षा , कृत्रिम बुद्धिमत्ता , डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों का मानना है कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र दुनिया के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है और वे आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। आतंकवाद पर उनका स्पष्ट संदेश है कि इस पर दोहरा मापदंड मंजूर नहीं तथा आतंकवाद से कोई समझौता




नहीं किया जायेगा। मलेशिया की दो दिन की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां अपने मलेशियाई समकक्ष के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह बात कही। प्रधानमंत्री ने मलेशिया में भारत के कामगारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा समझौते ,पर्यटन के लिए ग्रैटिस ई वीजा और डिजिटल पेमेंट इंटरफेस यूपीआई के मलेशिया में लागू होने को बड़ा कदम बताया। श्री मोदी ने वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा ,÷भारत और मलेशिया के संबंध विशेष हैं। हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से हमारे लोगों के बीच गहरे और आत्मीय रिश्ते रहे हैं। आज मलेशिया, भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। हमारी सभ्यताएँ, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में हम आतंकवाद रोधी, खुफिया जानकारी साझा करने , समुद्री सुरक्षा में सहयोग मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश रक्षा सहयोग को भी और व्यापक बनाएंगे।

**विजय मत एंकर** — सरकार का प्रस्ताव, घोषित और वास्तविक माइलेज के अंतर को कम करने की तैयारी

# 1 अक्तूबर 2026 से एसी ऑन रखकर होगा कारों का माइलेज टेस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में पैसेंजर कारों के माइलेज दावों को वास्तविक ड्राइविंग अनुभव के अधिक करीब लाने के लिए केंद्र सरकार बड़ा बदलाव करने जा रही है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने प्रस्ताव दिया है कि 1 अक्तूबर 2026 से फ्यूल एफिशिएंसी टेस्टिंग के दौरान एयर कंडीशनर (एसी) चालू रखना अनिवार्य होगा। इससे वाहन कंपनियों द्वारा बताए जाने वाले माइलेज और सड़क पर मिलने वाले वास्तविक माइलेज के बीच का अंतर काफी हद तक कम होने की उम्मीद है। ड्राफ्ट




संशोधन के अनुसार, भारत में बनने या आयात होने वाली सभी रू श्रेणी की पैसेंजर कारों का माइलेज परीक्षण अब एआईएस-213 मानक के तहत किया जाएगा। नए नियमों में एसी ऑन रखना अनिवार्य होगा। मंत्रालय ने इस प्रस्ताव पर 30 दिनों तक सार्वजनिक सुझाव और आपत्तियां भी आमंत्रित की हैं।

### सेफ्टी रेटिंग में भी सख्ती

वाहन सुरक्षा मानकों को भी और मजबूत किया जा रहा है। भारत एनसीएपी–2 के नए नियम 1 अक्तूबर 2027 से लागू होंगे। इनमें कमजोर सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को पहली बार कुल रेटिंग में 20 प्रतिशत वेटेज दिया गया है। नए सेफ्टी आकलन में क्रैश प्रोटेक्शन, कमजोर सड़क उपयोगकर्ता सुरक्षा, सेफ ड्राइविंग फीचर्स, क्रैश अवॉइडेंस और पोस्ट–क्रैश सेफ्टी जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिससे सुरक्षा रेटिंग अधिक व्यापक और व्यवहारिक होगी।

### उपभोक्ताओं को क्या मिलेगा फायदा

इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन के विशेषज्ञ अमित भट्ट के अनुसार, अब एसी का इस्तेमाल लगभग हर ड्राइव में होता है, ऐसे में बिना एसी के माइलेज टेस्ट वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाता। विशेषज्ञों का मानना है कि नए नियम लागू होने के बाद माइलेज के आंकड़े ज्यादा वास्तविक होंगे। हालांकि शुरुआती दौर में कंपनियों द्वारा घोषित माइलेज थोड़ा कम दिख सकता है, लेकिन इससे उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद जानकारी मिलेगी। यह बदलाव भारतीय ऑटो बाजार में ईमानदार माइलेज दावों और बेहतर सुरक्षा मानकों की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# एपस्टीन 'बेबी रैंच' योजना का खुलासा, अपने डीएनए से 'सुपर रेस' बनाने का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व प्रसिद्ध मामले जेफ़री एपस्टीन फाइल में एक और चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। अमेरिकी निवेशक और यौन अपराधी जेफ़री एपस्टीन ने कथित तौर पर



अपनी बेबी रैंच (गुप्त रिहायशी स्थल) में एक ऐसे प्रोजेक्ट की योजना बनाई थी, जिसमें अपने डीएनए का उपयोग कर एक ÷सुपर-ह्यूमन रेस÷ या विशिष्ट मानव समूह विकसित करने का विचार शामिल था। इस योजना के दस्तावेज़ और विवरण इंटरनैशनल मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आए हैं, जिन्होंने एपस्टीन के कई वर्षों से छुपे रह रहे जैव-प्रौद्योगिकी संबंधी प्रयोगों का संकेत दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, एपस्टीन का मानना था कि वैज्ञानिक तरीकों से डीएनए से ÷बेहतर÷ गुणों वाला मानव विकसित किया जा सकता है। इस अवधारणा को उन्होंने बेबी रैंच प्रोजेक्ट से जोड़ा, जहां कथित तौर पर ऐसे प्रयोगों के लिए संसाधन और सुविधाएँ उपलब्ध थीं। यह मामला सामाजिक, नैतिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बेहद विवादास्पद है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी सोच वैज्ञानिक दृढ़ता एवं नैतिकता दोनों की सीमा से बाहर है और मानव जीवन के मूल मूल्यों के खिलाफ है।


प्रधान संपादक- विजय शुक्ला। कार्यालयः ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ दुर्ग ■ धमतरी ■ बस्तर ■ कवर्धा ■ कांकेर ■ कोरबा ■ कोरिया ■ जशपुर ■ जांजगीर-चाम्पा ■ मनेंद्रगढ ■ मोहला-मानपुर ■ दन्तेवाड़ा ■ महासमुन्द ■ राजनांदगांव ■ रायगढ़ ■ सरगुजा ■ बलौदाबाजार ■ बालोद ■ मुंगेली ■ बेमेतरा ■ सूरजपुर ■ गरियाबंद ■ सुकमा ■ बलरामपुर ■ कोंडागाँव ■ नारायणपुर

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# बोफोर्स डील और बदलते भारत में कांग्रेस की ठहरी हुई सोच

**कांतिलाल मांडोत**

संसद के उच्च सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक घंटे अड़तीस मिनट का भाषण केवल एक राजनीतिक जवाब नहीं था, बल्कि वह पिछले सात दशकों की राजनीतिक संस्कृति और बीते ग्यारह वर्षों में बदले भारत के आत्मविश्वास का आईना था। विपक्ष के शोर, नारेबाज़ी और वॉकआउट के बीच दिया गया यह उद्बोधन इस सवाल को फिर से केंद्र में ले आया कि देश आज किस दिशा में खड़ा है और कौन-सी सोच उसे आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री का ÷बोफोर्स डील से ट्रेड डील तक का कथन दरअसल एक पूरे युगांतरण का प्रतीक है, जिसमें भारत ने घोटालों, नीतिगत जड़ता और वैश्विक अविश्वास के दौर से निकलकर आत्मनिर्भरता, वैश्विक साझेदारी और आर्थिक महत्वाकांक्षा की राह पकड़ी है।

कांग्रेस की राजनीति लंबे समय से सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानती रही है। आज़ादी के बाद दशकों तक केंद्र और अनेक राज्यों में शासन करने के बावजूद कांग्रेस देश को वह निर्णायक नेतृत्व नहीं दे पाई, जिसकी ज़रूरत थी। बोफोर्स घोटाला केवल एक रक्षा सौदे का मामला नहीं था, बल्कि वह उस मानसिकता का प्रतीक था जिसमें सत्ता, परिवार और हितों की गठजोड़ ने राष्ट्रीय हितों को पीछे छोड़ दिया। उसी दौर में भारत वैश्विक मंच पर एक ऐसा देश था, जिससे समझौते करने में दुनिया हिचकती थी और जिसकी अर्थव्यवस्था सहायता और कर्ज़ पर टिकी मानी जाती थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में ठीक ही कहा कि कांग्रेस, टीएमसी या डीएमके जैसी पार्टियां दशकों तक सत्ता में रहीं, फिर भी देश उन्हें किस उपलब्धि से याद करता है, यह प्रश्न आज भी अनुत्तरित है। इसके उलट, बीते ग्यारह वर्षों में भारत की तस्वीर बदली है। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ चुका है, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उसकी भूमिका मज़बूत हुई है और बड़े-बड़े देश भारत के साथ व्यापार समझौतों के लिए उत्सुक हैं। यूरोपीय यूनियन से लेकर अमेरिका तक के साथ हो रही ट्रेड डील्स इस बदले हुए भरोसे का प्रमाण हैं।कांग्रेस की समस्या केवल नीतियों तक सीमित नहीं है, उसकी भाषा और संस्कार भी सवालों के घेरे में हैं। मोदी तेरी कब्र खुदेगी जैसे नारे न केवल राजनीतिक असहमति की मर्यादा को तोड़ते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अपमान करते हैं। प्रधानमंत्री ने सही पूछा कि यह कैसी मोहब्बत की दुकान है, जिसमें किसी निर्वाचित प्रधानमंत्री की कब्र खोदने की बात की जाती है। यह भाषा बताती है कि कांग्रेस आज भी नकारात्मकता और व्यक्तिगत द्वेष की राजनीति में उलझी हुई है, जबकि देश सकारात्मक एजेंडे और भविष्य की बात करना चाहता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में ठीक ही कहा कि कांग्रेस, टीएमसी या डीएमके जैसी पार्टियां दशकों तक सत्ता में रहीं, फिर भी देश उन्हें किस उपलब्धि से याद करता है, यह प्रश्न आज भी अनुत्तरित है। इसके उलट, बीते ग्यारह वर्षों में भारत की तस्वीर बदली है। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ चुका है, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उसकी भूमिका मज़बूत हुई है और बड़े-बड़े देश भारत के साथ व्यापार समझौतों के लिए उत्सुक हैं। यूरोपीय यूनियन से लेकर अमेरिका तक के साथ हो रही ट्रेड डील्स इस बदले हुए भरोसे का प्रमाण हैं।कांग्रेस की समस्या केवल नीतियों तक सीमित नहीं है, उसकी भाषा और संस्कार भी सवालों के घेरे में हैं। मोदी तेरी कब्र खुदेगी जैसे नारे न केवल राजनीतिक असहमति की मर्यादा को तोड़ते हैं।

कांग्रेस के 'युवराज' द्वारा एक सिख सांसद को गद्दार कहने का उल्लेख भी इसी मानसिकता की ओर इशारा करता है। यह केवल एक व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं, बल्कि पूरे सिख समुदाय और उनके गुरुओं का अपमान है। जिस पार्टी ने लंबे समय तक खुद को समावेशिता और सेक्युलरिज़्म का ठेकेदार बताया, वही आज पहचान की राजनीति और विभाजनकारी बयानबाज़ी में फंसी दिखती है। प्रधानमंत्री का यह कहना कि यह सिखों और गुरुओं का अपमान है, केवल राजनीतिक आरोप नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी भी है।

विकसित भारत की कल्पना करने वाली सरकार और कांग्रेस की सोच में मूलभूत अंतर है। मोदी सरकार मानती है कि 140 करोड़ भारतीय समस्याएं नहीं, बल्कि संभावनाएं हैं। इसके विपरीत, नेहरू-इंदिरा काल की वह सोच थी जिसमें जनसंख्या को समस्या के रूप में देखा जाता था। यह दृष्टिकोण ही नीति निर्माण को दिशा देता है। जब नेतृत्व जनता पर भरोसा करता है, तो परिणाम जनभागीदारी, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल क्रांति और बुनियादी ढांचे के तेज़ विकास के रूप में सामने आते हैं।

अनुच्छेद 370 का हटाया जाना भी इसी निर्णायक नेतृत्व का उदाहरण है। दशकों तक जिसे असंभव बताया गया, उसे राजनीतिक इच्छाशक्ति ने संभव कर दिखाया। यह केवल एक संवैधानिक कदम नहीं था, बल्कि यह संदेश था कि भारत अब साहसिक फैसलों से नहीं हिचकता। कांग्रेस इसे आज भी अपने पुराने चश्मे से देखती है, क्योंकि वह बदलाव की राजनीति को स्वीकार नहीं कर पाई है।

ट्रेड डील के संदर्भ में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत-अमेरिका संबंध एक नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। आयात शुल्क में कटौती, संयुक्त बयान और संभावित हस्ताक्षर केवल आर्थिक आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह उस भरोसे का संकेत हैं जो दुनिया आज भारत पर कर रही है। कभी जिस भारत को समझौतों की मेज़ पर जगह पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था, आज वही भारत शर्तें तय करने की स्थिति में है।कांग्रेस की विडंबना यह है कि वह इस बदलाव को स्वीकार करने के बजाय उसे नकारने में ऊर्जा खर्च कर रही है। प्रधानमंत्री की कुर्सी को अपनी जागीर मानने वाली मानसिकता आज भी उसे परेशान करती है। उसे यह सवाल कचोटता है कि एक साधारण पृष्ठभूमि से आया व्यक्ति देश का नेतृत्व कैसे कर सकता है। यही असहजता उसकी बयानबाज़ी में झलकती है, चाहे वह कब्र जैसे शब्द हों या व्यक्तिगत आरोप।

आज का भारत भावनाओं से नहीं, तथ्यों और परिणामों से बात करता है। ग्यारह वर्षों में सड़कों, रेल, डिजिटल भुगतान, रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष और कूटनीति में जो बदलाव आए हैं, वे किसी प्रचार का नहीं, बल्कि नीतिगत निरंतरता और कर्मनिष्ठा का परिणाम हैं। प्रधानमंत्री मोदी का विश्वसत्ता की ओर भारत को ले जाने का लक्ष्य केवल सपना नहीं, बल्कि स्पष्ट रोडमैप पर आधारित है।

अंततः यह बहस केवल मोदी बनाम कांग्रेस की नहीं है, बल्कि पुरानी और नई सोच की है। एक ओर वह राजनीति है जो अतीत के घोटालों, परिवारवाद और नकारात्मक नारों से बाहर नहीं निकल पा रही, और दूसरी ओर वह नेतृत्व है जो आत्मविश्वास, सत्यनिष्ठा और परिश्रम के बल पर भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहता है। बोफोर्स से ट्रेड डील तक का यह सफ़र बताता है कि देश ने रास्ता चुन लिया है। अब सवाल यह है कि कांग्रेस कब अपने भीतर झांककर यह समझेगी कि भारत बदल चुका है, और राजनीति को भी बदलना होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# सामाजिक न्याय हासिल करने की लम्बी यात्रा

रोहित वेम्यूला और अबेदा सलीम तड़वी की आत्महत्या के मुद्दे को लेकर दायर जनहित याचिकाओं और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में आत्महत्या करने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने एक 16-पृष्ठीय दस्तावेज जारी किया जिसमें वे दिशानिर्देश थे जिन्हें उच्च शैक्षणिक संस्थानों में लागू किया जाना था। इन दिशानिर्देशों का उद्धेश्य था छात्रों को अपमान या ऐसे नकारात्मक विचारों से बचाना जिनके चलते वे अपनी जान ले लेते हैं।पिछले कुछ वर्षों के दौरान इस तरह की त्रासद और भयावह घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। राज्यसभा को प्रस्तुत की गई रपट ''सिग्नीफिकेंट स्टूडेंट सुइसिडस (2018-2023) में दिए गए आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में आईआईटी, आईआईएम और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों सहित उच्च शिक्षण संस्थाओं में 98 छात्रों ने आत्महत्या की। हाशिए पर पड़े समुदायों में स्थिति अधिक चिंताजनक हैः केन्द्रीय संस्थानों में 2014 से 2021 के बीच आत्महत्या करने वाले कुल 122 छात्रों में से अधिकांश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के थे। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव की शिकायतों की संख्या में 2019 से 2024 की पांच वर्ष की अवधि के दौरान 118.4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। इसके मद्देनजर यूजीसी की अनुशंसाएं एक ताजी हवा के झोंके की तरह हैं। लेकिन उत्तर भारत के कई स्थानों पर इनका विरोध किया गया, अधिकांशतः उच्च जातियों द्वारा जो संभवतः भाजपा की राजनीति के समर्थक थे। वे मामले को सुप्रीम कोर्ट में भी ले गए, जिसने आनन-फानन में यूजीसी के दिशानिर्देशों को लागू करने पर रोक लगा दी। सर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि इस तरह के कदमों से समाज बंटेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने इन्हें अस्पष्ट बताते हुए कहा कि इनका बहुत आसानी से दुरूपयोग किया जा सकता है। हम जानते हैं कि कानूनों के दुरूपयोग की संभावना हमेशा रहती है और जरूरी प्रावधान करके इसे रोका जा सकता है।तथ्य यह है कि इस तरह की घटनाओं की संख्या में 2019 से 2024 के बीच 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## सूचना

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं। अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# अच्छा है चॉकलेट खाना जो मीठा है कुछ गजब स्वाद है

**संजय गोस्वामी**

भारत में चॉकलेट दिवस हर साल 9 फरवरी को भारत में वैलेंटाइन वीक समारोह के हिस्से के रूप में मनाया जाता है। इस दिन, प्रेमी एक-दूसरे को चॉकलेट उपहार में देते हैं और आशा करते हैं कि उनका रिश्ता हमेशा मीठा बना रहे। चॉकलेट सबसे पसंदीदा व्यंजनों में से एक है। इसने अटूट लोकप्रियता हासिल की है। चॉकलेट को पेय के रूप में, खाने योग्य बार के रूप में, डेज़र्ट में, या यहाँ तक कि फ्लेवरिंग के रूप में भी खाया जा सकता है। चॉकलेट बच्चों और वयस्कों दोनों के बीच पसंदीदा है। चॉकलेट दिवस साल भर किसी न किसी रूप में मनाया जाता है, लेकिन यह दिन प्रेमियों के बीच उपहार के रूप में चॉकलेट के उपयोग का उत्सव है। चॉकलेट के सेवन का इतिहास लगभग 2,500 साल पुराना है। एज़्टेक लोगों ने हाल ही में तरल चॉकलेट की खोज की थी और उनका मानना था कि ज्ञान के देवता, क्वेट्ज़ालकोटल ने उन्हें इसका आशीर्वाद दिया था। कोको के बीज इतने मूल्यवान माने जाते थे कि उन्हें मुद्रा के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता था। उन दिनों, चॉकलेट में फ्लेवरिंग कम थे और इसे एक कड़वे पेय के रूप में सेवन किया जाता था। वास्तव में 16वीं सदी तक चॉकलेट चीनी-मुक्त होती थी, जब यूरोपीय लोगों ने इसमें चीनी मिलाना शुरू किया। इससे चॉकलेट अधिक स्वादिष्ट हो गई और बाजारों में जल्दी लोकप्रिय हो गई। यह कई घरों की पसंदीदा चीज़ों में से एक बन गई। कैडबरी की स्थापना 1868 में इंग्लैंड में हुई थी और आज यह अग्रणी चॉकलेट ब्रांडों में से एक है। 25 साल बाद मिल्टन एस हर्शे ने हर्शे की शुरुआत की जो अब दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्रसिद्ध चॉकलेट ब्रांडों में से एक है। सबसे बड़े खाद्य समूहों में से एक बन गया है। जो एक पेय के रूप में शुरू हुआ था, उसने मुद्रा का रूप ले लिया और आज यह सबसे बड़े उद्योगों में से एक बन गया है जो न केवल आय उत्पन्न करता है और दुनिया भर में लाखों लोगों को रोजगार देता है, बल्कि ऐसे खाद्य पदार्थ भी बनाता है जो हममें से बहुत से लोगों को पसंद हैं! चॉकलेट दिवस इस खाद्य सामग्री की अविश्वसनीय बहुमुखी प्रतिभा का भी जश्न मनाता है। चॉकलेट दिवस पर प्रेमी एक-दूसरे को प्यार के प्रतीक के रूप में दिल के आकार की चॉकलेट देते हैं। अपने प्रियजनों को चॉकलेट गिफ्ट करने से सारे तनाव और दुख दूर हो जाते हैं और रिश्ते में मिठास बढ़ती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# गड्ढों वाली व्यवस्था और खतरे में पड़ता हमारा जीवन

**लालजी गौतम**

गड्ढों में गिरी व्यवस्था में समाप्त होता जीवन आज के भारत की एक ऐसी विडंबना बन चुका है, जिसे देखकर मन भीतर तक सिहर उठता है। नोएडा में कार सवार युवा इंजीनियर की गड्ढे में गिरकर मौत का दर्द अभी समाज के मन से उतरा भी नहीं था कि दिल्ली में बाइक सवार युवक की जान एक खुले गड्ढे ने लील ली। दोनों घटनाओं में समानता यह है कि गड्ढे प्रशासन द्वारा विकास या मरम्मत के नाम पर खोदे गए थे और दोनों जगह न तो कोई बैरिकेडिंग थी, न चेतावनी बोर्ड, न रोशनी की व्यवस्था। मानो व्यवस्था ने पहले गड्ढा खोदा और फिर निश्चिंत होकर वहां से हट गई कि अब जो होगा, वह नागरिक की किस्मत है। यही वह सोच है जो किसी भी समाज को भीतर से खोखला कर देती है।

प्रश्न यह नहीं है कि गड्ढे क्यों खोदे गए, प्रश्न यह है कि गड्ढे खोदकर लोगों को मौत के मुंह में धकेलने का अधिकार प्रशासन को किसने दिया। क्या विकास का अर्थ यह हो गया है कि सड़कों पर चलते हुए हर नागरिक अपनी जान हथेली पर रखे। क्या शहरों की चमक-दमक और बड़े-बड़े दावों के बीच आम आदमी का जीवन इतना सस्ता हो गया है कि उसकी मौत पर सिर्फ एक खबर छप जाए, दो दिन बहस हो और फिर सब कुछ सामान्य हो जाए। यह सामान्य हो जाना ही सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि जब मौतें सामान्य लगने लगें, तब व्यवस्था की संवेदनशीलता मर चुकी होती है।दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदा गया गड्ढा हो या नोएडा की किसी एजेंसी का, जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया हर बार एक जैसी रहती है। अफसर निलंबित कर दिए जाते हैं, जांच समितियां बना दी जाती हैं, 24 या 48 घंटे में रिपोर्ट देने की घोषणा होती है और कुछ समय बाद वही फाइलें धूल फांकने लगती हैं। निलंबन और जांच अब समाधान नहीं, बल्कि एक औपचारिक रस्म बन गई है। सवाल यह है कि क्या निलंबन से मरे हुए बेटे लौट आते हैं, क्या जांच समितियों से टूटे हुए परिवार फिर से जुड़ जाते हैं। जब तक जवाबदेही केवल कागजों पर सिमटी रहेगी, तब तक गड्ढों में गिरती जिंदगियां यूं ही व्यवस्था का शिकार बनती रहेंगी।

इस पूरी तस्वीर का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बड़े शहरों में ऐसी घटनाएं कम से कम चर्चा में तो आती हैं, मीडिया सवाल तो उठाता है, लेकिन छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में यही गड्ढे रोज जिंदगियां निगल रहे हैं और खबर तक नहीं बनते। वहां न कैमरा पहुंचता है, न कोई प्रतिनिधि, न कोई जांच समिति। वहां मौतें सिर्फ परिवारों की निजी त्रासदी बनकर रह जाती हैं। क्या नागरिक का मूल्य शहर के आकार से तय होगा। क्या महानगरों का नागरिक ज्यादा कीमती है और छोटे शहरों का नागरिक सस्ता। यह असमानता केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि संवेदनाओं की भी है हम एक ओर विकसित भारत, सशक्त भारत, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात करते हैं, दूसरी ओर हमारी सड़कों पर खुले गड्ढे हमें आईना दिखाते हैं। विकास की रफ्तार तेज हो सकती है।

इस पूरी तस्वीर का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बड़े शहरों में ऐसी घटनाएं कम से कम चर्चा में तो आती हैं, मीडिया सवाल तो उठाता है, लेकिन छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में यही गड्ढे रोज जिंदगियां निगल रहे हैं और खबर तक नहीं बनते। वहां न कैमरा पहुंचता है, न कोई प्रतिनिधि, न कोई जांच समिति। वहां मौतें सिर्फ परिवारों की निजी त्रासदी बनकर रह जाती हैं। क्या नागरिक का मूल्य शहर के आकार से तय होगा। क्या महानगरों का नागरिक ज्यादा कीमती है और छोटे शहरों का नागरिक सस्ता। यह असमानता केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि संवेदनाओं की भी है।हम एक ओर विकसित भारत, सशक्त भारत, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात करते हैं, दूसरी ओर हमारी सड़कों पर खुले गड्ढे हमें आईना दिखाते हैं। विकास की रफ्तार तेज हो सकती है, लेकिन यदि उस रफ्तार में सुरक्षा, जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना नहीं जुड़ी, तो वह रफ्तार विनाश की ओर ही ले जाएगी। यह विडंबना ही है कि हम स्मार्ट सिटी की बातें करते हैं, लेकिन स्मार्ट बैरिकेडिंग, स्मार्ट चेतावनी और स्मार्ट जिम्मेदारी पर बात करना भूल जाते हैं। तकनीक के युग में भी एक साधारण चेतावनी बोर्ड लगाना हमारे तंत्र को याद नहीं रहता।दरअसल समस्या केवल लापरवाही की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जिसमें नागरिक को एक आंकड़ा समझ लिया गया है। फाइलों में वह एक केस नंबर है, सड़क पर वह एक बाधा और हादसे के बाद वह एक आंकड़ा। जब तक प्रशासन और शासन की दृष्टि में नागरिक का जीवन सर्वोपरि मूल्य नहीं बनेगा, तब तक हर नया गड्ढा एक नई मौत की संभावना बनकर खड़ा रहेगा। सवाल यह भी है कि क्या इन गड्ढों के लिए कभी उच्च स्तर पर नैतिक जिम्मेदारी तय होगी। क्या कभी ऐसा होगा कि किसी बड़े पद पर बैठे व्यक्ति से पूछा जाए कि आपके विभाग की लापरवाही से एक जान गई, इसलिए आप पद पर बने रहने के नैतिक अधिकारी नहीं हैं।


भ्रष्ट शासन के समाप्त होने की बड़ी-बड़ी घोषणाएं हर चुनाव में सुनाई देती हैं। पोस्टर बदलते हैं, नारे बदलते हैं, लेकिन जमीन पर गड्ढे वैसे ही रहते हैं। यदि भ्रष्टाचार केवल रिश्वत लेने तक सीमित होता तो शायद उसे पहचानना आसान होता, लेकिन यह जो संवेदनहीन भ्रष्टाचार है, जहां नियमों की अनदेखी, सुरक्षा मानकों की उपेक्षा और समय पर काम पूरा न करना शामिल है, यह ज्यादा खतरनाक है। इसमें पैसा दिखता नहीं, लेकिन इसकी कीमत किसी की जान से चुकानी पड़ती है।

आज जब हम अमृत काल और शताब्दी वर्ष में नए भारत की कल्पना कर रहे हैं, तब यह प्रश्न और भी तीखा हो जाता है कि क्या खुले गड्ढों वाला देश महान बन सकता है। क्या वह देश विकसित कहलाने योग्य है, जहां नागरिक रात को सड़क पर निकलते समय यह दुआ करे कि कहीं कोई गड्ढा उसकी जिंदगी न छीन ले। विकास केवल पुलों, सड़कों और इमारतों से नहीं मापा जाता, बल्कि इस बात से मापा जाता है कि आम आदमी खुद को कितना सुरक्षित महसूस करता है। यदि सुरक्षा का भरोसा नहीं, तो सारी उपलब्धियां खोखली हैं।

गड्ढों में गिरी व्यवस्था केवल सड़कों की समस्या नहीं है, यह हमारे शासन तंत्र की नैतिक गिरावट का प्रतीक है। यह उस दूरी को दिखाता है जो सत्ता और नागरिक के बीच बढ़ती जा रही है। जब तक हर गड्ढे को सिर्फ तकनीकी खामी समझा जाएगा और हर मौत को दुर्भाग्य कहकर टाल दिया जाएगा, तब तक यह सिलसिला रुकेगा नहीं। जरूरत इस बात की है कि हर गड्ढा एक सवाल बने, हर मौत एक चेतावनी और हर लापरवाही एक अपराध मानी जाए।कब वे गड्ढे भरेंगे, कब व्यवस्था की दरारें बंद होंगी और कब विकास की दौड़ में भागता देश यह भरोसा पाएगा कि वह सुरक्षित हाथों में है, यह सवाल आज हर नागरिक के मन में है। शायद उस दिन हम सचमुच कह सकेंगे कि हमारा देश महान बनने की राह पर है। अभी तो लगता है कि हम महान नहीं, बल्कि परेशान हैं और यह परेशानी सिर्फ गड्ढों की नहीं, गड्ढों में गिरती संवेदनाओं की है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## शब्द पहेली - 8633



### बाएँ से दाएँ

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

### ऊपर से नीचे


2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

### शब्द पहेली -8632 का हल



## दैनिक पंचांग

**9 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 06.53 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मीन | 08.26 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.56 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.36 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.35 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.48 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 18.04 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 20.16 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 22.27 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 00.41 ब.से |
| 7.30 से 9.00 | | धनु | 02.57 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 05.03 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 40 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** अष्टमी अहोरात्र।
**नक्षत्र** विशाखा अहोरात्र।
**योग** वृद्धि 00.52 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 18.13 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 44'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872615
**जूलियन दिन** 2461080.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान
**तारीख** 20
**विशेष** सीताष्टमी, जानकी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# सार समाचार

## जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 की तैयारियां तेज

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 11, 12 एवं 13 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 की तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ऐतिहासिक विष्णु मंदिर परिसर का अवलोकन करते हुए मंदिर परिसर में आकर्षक लाइटिंग एवं साज-सज्जा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान महोत्सव स्थल में विभिन्न विभागों एवं निजी संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले स्टॉल किसानों की आवश्यकता एवं हित को ध्यान में रखते हुए लगाए जाएं। उन्होंने कृषि आधारित योजनाओं, आधुनिक तकनीकों, बीज, उर्वरक, जैविक खेती, पशुपालन एवं उद्यानिकी से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने कहा। साथ ही किसानों को नई कृषि तकनीक, आधुनिक उपकरण, ड्रोन तकनीक सिंचाई के नवाचार एवं उन्नत बीजों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मंच, स्टॉल व्यवस्था, साउंड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आज से लगेगा कलेक्टर जनदर्शन

**सूरजपुर।** कलेक्टर जनदर्शन के समय में संशोधन किया गया है, 09 फरवरी से जनदर्शन मंगलवार की जगह प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही समय-सीमा, राजस्व, कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा समिति, ह्ष्ठह्नश्च, छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम और दोषमुक्ति प्रकरणों कीसमीक्षा/ पास्को अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के सम्बंध में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक भी प्रत्येक सोमवार को अपने पूर्व निर्धारित समय से आयोजित की जायेगी।जिला प्रशासन की आमजन से अपील है कि जनदर्शन के लिए सोमवार को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ।

## आज आईटीआई कोरबा में पीएमएनएम का आयोजन

**कोरबा।** अप्रेटिसशिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएम) का आयोजन 09 फरवरी को आईटीआई कोरबा में किया जा रहा है। आईटीआई कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों/ प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जायेगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 09 फरवरी को प्रात: 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

## लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के पद पर भर्ती हेतु दावा-आपत्ति

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जिला, जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई.एस. सहायक का पद संख्या-01 (अन्य पिछड़ा वर्ग-मुक्त) की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रों का छानबीन समिति द्वारा जांच उपरांत पात्र, अपात्र सूची जारी किया गया है। जिसका दावा-आपत्ति 20 फरवरी 2026 कार्यालयीन सायं 5 बजे तक आमंत्रित किया गया है। उक्त पात्र, अपात्र सूची जिला पंचायत-जांजगीर-चांपा के सूचना-पटल एवं जिला पंचायत के वेबसाइट www.janjgir-champa.gov.in एवं योजना के वेबसाइट www.bihan.gov.in पर देखा जा सकता है।

# कोरबा में बैंक मैनेजर के सूने मकान से लाखों की चोरी

विजय मत/कोरबा

### सोने के जेवरात पर हाथ साफ

### पुलिस डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है.





जिले के दादरखुर्द मार्ग पर शुक्रवार रात एक सूने मकान में चोरी हुई. खिड़की तोड़कर चोर घर में घुसे और करीब 5 लाख रुपए के सोने के जेवरात लेकर भाग गए हैं. यह मकान एक बैंक मैनेजर का है. घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र की है.

### किराए पर रहते हैं बैंक मैनेजर

यह मकान एसईसीएल कर्मी नवनीत नाथ का है, जहां स्न्नढ्ढ बैंक के चीफ मैनेजर राजू मोदी अपने परिवार के साथ किराए पर रहते हैं. घटना के समय राजू मोदी अपने परिवार के साथ रायपुर गए हुए थे. उन्होंने बताया कि वे शुक्रवार सुबह रायपुर गए थे और देर रात लगभग 1 बजे घर लौटे. घर का ताला खोलकर अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था.

### सोने के जेवरात पार

बताया जा रहा है कि बेडरूम की खिड़की की रॉड टूटी हुई थी. जिससे चोरी की आशंका हुई. राजू मोदी ने तत्काल 112 और मानिकपुर चौकी पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. राजू मोदी के अनुसार चोरों ने घर में रखे 20 हजार रुपए कैश और लैपटॉप जैसे महंगे सामान को नहीं छुआ, लेकिन अलमारी तोड़कर लगभग 5 लाख रुपए के सोने के जेवरात चुरा लिए.

### 1 किलोमीटर तक पहुंचा डॉग स्क्वाड

चोरी के सामान में 4 सोने की चेन, लॉकेट, अंगूठी और टॉप शामिल होना बताया जा रहा ह. पुलिस ने जांच के लिए डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक एक्सपर्ट को भी बुलाया, डॉग %बाघा% ने घटनास्थल से लगभग 1 किलोमीटर दूर पोड़ी बहार मैदान तक चोरों का सुराग लगाया, जहां वह शराब की खाली बोतल तक पहुंचा.

### सीसीटीवी फुटेज खंगालने की कोशिश

मामले में पुलिस ने बताया कि जांच कार्रवाई शुरू कर दी गई है. चोरों की तलाश की जा रही है. कोरबा शहर के सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि बैंक मैनेजर के घर चोरी की गई है. प्रथम दृष्टया करीब 2 लाख की चोरी होना प्रतीत हो रहा है. स्नस्रु और डॉग स्क्वाड के साथ पुलिस टीम भी जांच कर रही है.

## फिश एक्वेरियम भवन के संचालन के लिए 16 तक रूचि की अभिव्यक्ति

**राजनांदगांव।** मछली पालन विभाग द्वारा नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले पुष्पवाटिका में नवनिर्मित फिश एक्वेरियम भवन के संचालन के लिए 16 फरवरी 2026 दोपहर 2 बजे तक रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत निर्धारित प्रारूप में मुहरबंद आवेदन आमंत्रित किया गया है। फिश एक्वेरियम भवन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराना एवं अपने घरों में एक्वेरियम टैंक स्थापित करना तथा मछली पालन के प्रति जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित करना है। फिश एक्वेरियम भवन के संचालन के लिए इच्छुक प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम एजेंसी, संस्थान, किसान उत्पादक संगठन, फर्म, कंपनी, व्यक्ति निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन निर्धारित तिथि तक आवेदन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अभिरूचि प्रस्ताव को 16 फरवरी 2026 को ही दोपहर 3 बजे आवेदनकर्ताओं के समक्ष कार्यालय परिसर में खोला जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन राजनांदगांव के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

# नारी शक्ति की उड़ान: बिहान योजना से आत्मनिर्भर बनी सुखमंती बैगा

विजय मत/एमसीबी



ग्राम पंचायत रामगढ़ की निवासी सुखमंती बैगा आज नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की सशक्त पहचान बन चुकी हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ने के बाद उनके जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। पहले जहां परिवार की आय सीमित थी और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, वहीं आज वे अपने परिश्रम और योजना से मिले सहयोग के बल पर सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर रही हैं।

सुखमंती बैगा चंगमाता स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। दिसंबर 2020 में बैंक लिंकेज के माध्यम से उन्हें 50 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस राशि से उन्होंने अपने गांव में एक छोटी किराना दुकान शुरू की। शुरुआती दिनों में सीमित संसाधन और अनुभव की कमी जैसी चुनौतियां सामने आईं, लेकिन बिहान योजना के प्रशिक्षण, समूह की सामूहिक शक्ति और अपने आत्मविश्वास से उन्होंने धीरे-धीरे व्यवसाय को मजबूत किया।

**शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका:** आज उनकी किराना दुकान से उन्हें प्रतिमाह लगभग 4 से 7 हजार रुपये तक की नियमित आय हो रही है। इस आय से वे परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के साथ बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे रही हैं और भविष्य के लिए बचत भी कर रही हैं। आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ-साथ उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है और वे सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। सुखमंती बैगा अब अपने गांव की अन्य महिलाओं को भी स्व-सहायता समूह से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनकी यह सफलता कहानी साबित करती है कि सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं और नारी सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल बन सकती हैं।

# सूरजपुर में पिकअप ने दो बाइक सवारों को कुचला, एक की मौत, चालक फरार

विजय मत/सूरजपुर





सूरजपुर जिले से सड़क हादसे की बड़ी खबर सामने आई है। जहां कोतवाली थाना क्षेत्र के सुतिया नाला के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में दो और लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और गुस्साई भीड़ ने पिकअप चालक की जमकर पिटाई कर दी। हालांकि वह पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन दो बाइक सवारों को कुचलते हुए आगे निकल गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि, एक बाइक सवार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मृतक की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है।

बताया जा रहा है कि, हादसे में शामिल पिकअप वाहन को कुछ माह पहले अवैध धान परिवहन के मामले में पुलिस ने जब्त किया था। लगभग एक माह बाद थाने से अवैध धान लेकर पीकअप चालक वापस अपने घर की ओर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने पिकअप चालक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी, लेकिन भीड़ का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार हो गया।

## ग्राम पंचायत में आवास पूर्णता अभियान

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप के निर्देशानुसार जनपद पंचायत तखतपुर की टीम ने ग्राम पंचायत मुरु में आवास पूर्णता को लेकर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 142 आवास हितग्राहियों के घर-घर पहुँचकर अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को शीघ्र शुरू करने और पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में सीईओ जनपद पंचायत तखतपुर सत्यव्रत तिवारी के नेतृत्व में जनपद की पूरी टीम दिनभर ग्राम मुरु में उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों को शासन की मंशा से अवगत कराते हुए समय-सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

## पाली महोत्सव हेतु रूचि की अभिव्यक्ति 10 फरवरी तक

**विजय मत/कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 (सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन) कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।पाली महोत्सव 2026 में कोरबा जिले के प्रतिष्ठित/खाति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुत देना चाहते हैं उनसे निर्धारित प्रारूप अनुसार आवश्यक दस्वावेज/सीडी/पेन ड्राईव/गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक, यूट्यूब लिंक इत्यादि सहित प्रविष्टि 12 फरवरी 2026 तक आमंत्रित की गई थी। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब प्रविष्टि 10 फरवरी 2026 सायं 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में आमंत्रित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7869096888 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अंबिकापुर फायरिंग केस: पुलिस ने केस दर्ज कर संदिग्ध जगहों पर दी दबिश, आरोपी फरार

विजय मत/कोरबा



**शहर के बीच हवाई फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. 3 संदिग्ध हिरासत में लिए गए ...**

**सरगुजा।** जिले के अंबिकापुर शहर में देव होटल के पास हवाई फायरिंग की घटना सामने आई है. यह घटना 6 फरवरी की शाम की बताई जा रही है. होटल के पास दो राउंड हवाई फायरिंग की आवाज सुनते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए.

### स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी सूचना

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग और दुकानदार डर गए. उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी. सूचना मिलने के बाद स्स्क्क और ष्ठद्बत्र राजेश अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए.

### पुलिस टीम ने शुरू की जांच

स्स्क्क अमोलक सिंह ढिल्लो और सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में कोतवाली और गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. शुरुआती जांच में पुलिस को कोई ठोस सबूत नहीं मिला था, हालांकि स्थानीय लोगों ने 12 बोर बंदूक से फायरिंग की बात कही थी.

### जांच में हवाई फायरिंग की पुष्टि

पुलिस की गहन जांच के बाद यह साफ हो गया कि दो राउंड हवाई फायरिंग की गई थी. आसपास मौजूद लोगों और दुकानदारों ने बताया कि हनी सिंह नामक व्यक्ति ने बंदूक से फायरिंग की थी. इस घटना से लोगों में भारी डर का माहौल है.

### आरोपी पर केस दर्ज, तलाश जारी

अगर गोली किसी को लग जाती तो एक बड़ी और गंभीर घटना हो सकती थी. लोगों की जान भी खतरे में पड़ सकती थी. ऐसे में पुलिस ने आरोपी हनी सिंह के खिलाफ आयुध अधिनियम 1959 की धारा 25, 27 और बीएनएस की धारा 125 के तहत मामला दर्ज कर लिया है. घटना के बाद से आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है.

### तलाशी में एयर गन और लाइसेंसी हथियार मिले

7 फरवरी को पुलिस टीम होटल और संबंधित स्थानों पर पहुंची. तलाशी के दौरान एक एयर गन बरामद की गई. इसके अलावा घर में 6 लाइसेंसी बंदूकें भी मिली हैं, जिन्हें फिलहाल जब्त नहीं किया गया है. हथियारों की जांच के लिए उनके मालिक को पुलिस के सामने पेश होने को कहा गया है.

### तीन संदिग्ध हिरासत में

पुलिस ने इस मामले में तीन अन्य संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है. एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि फायरिंग की पुष्टि हो चुकी है. मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है. हथियारों की जांच की जा रही है और जांच आगे भी जारी रहेगी।

# 'बिहान' बना आत्मनिर्भरता का आधार, 'धान कुटाई मशीन', से संवर रहा परिवार

विजय मत/अंबिकापुर




जिले के ग्रामीण अंचलों में महिलाएं अब केवल चूल्हे-चौके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आर्थिक मोर्चे पर भी परिवार का नेतृत्व कर रही हैं। अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत हर्राटिकरा की रहने वाली मनमेश्वरी आज उन हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गई हैं, जो छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव का सपना देखती हैं।अल्पना स्व-सहायता समूह की सदस्य मनमेश्वरी की कहानी संघर्ष और आत्मविश्वास की है। उन्होंने बताया कि आर्थिक तंगी के बीच 'बिहान' योजना (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) ने उन्हें एक नई राह दिखाई। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने साहस जुटाकर ऋण लिया और अपने गांव में धान कुटाई मशीन स्थापित की। मनमेश्वरी गर्व से कहती हैं कि शुरू में डर था कि लोन कैसे पटेगा, लेकिन मशीन चलने लगी तो आमदनी बढ़ने लगी। आज खुशी इस बात की है कि मैंने न केवल पूरा लोन चुका दिया है, बल्कि अब मेरे पास खुद की मशीन है जिससे हर महीने अतिरिक्त आय हो रही है।

मनमेश्वरी के पति खेती-किसानी करते हैं। खेती की अनिश्चित आय के बीच धान कुटाई मशीन से होने वाली दैनिक कमाई ने उनके दो बच्चों की जिम्मेदारी और घर के खर्चों को आसान बना दिया है। मनमेश्वरी बताती हैं कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उनमें जो आत्मविश्वास आया है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन के सहयोग से आज ग्रामीण अंचलों में महिलाएं 'उद्यमी' के रूप में उभर रही हैं।कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में जिले में स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज और तकनीकी कौशल से जोड़ा जा रहा है। मनमेश्वरी की यह सफलता दर्शाती है कि यदि महिलाओं को अवसर और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, तो वे न केवल आत्मनिर्भर बनती हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकतीं हैं।

## कच्चे मकान के गिरने के डर से मिली मुक्ति, अब पक्के घर में संवर रहा भविष्य

सरकार की हितग्राही मूलक योजनाएं जरुरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। लखनपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 05 में रहने वाले निवासी बलवीर मझवार जिनका वर्षों पुराना कच्चा घर बरसात में गिर गया था। सीमित आय और आर्थिक तंगी के कारण उनके लिए पक्का मकान बनवाना संभव नहीं हो पा रहा था। मझवार ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर रही है और वे केवल थोड़ी-बहुत खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं, जिससे परिवार का जैसे-तैसे गुजारा चलता था। ऐसे में पक्के घर का सपना अधूरा ही लग रहा था। इसी दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवेदन किया, जो स्वीकृत हो गया। योजना के तहत मिली सहायता से आज उनका पक्का घर बनकर तैयार हो गया है। नए घर में शिफ्ट होने के बाद वे बेहद खुश है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि अब उन्हें बरसात और मौसम की मार का डर नहीं रहेगा, और उनको एक सुरक्षित वातावरण भी मिलेगा। बलवीर मझवार ने अपने पक्के घर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की इस योजना ने उनके जैसे गरीब परिवार को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जिले में अनेक जरूरतमंद परिवारों को पक्के घर की सौगात मिल रही है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो रहा है और वे सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक आवास में जीवन यापन कर पा रहे हैं।




## डैम में डूबा 14 साल का बालक: तलाश में जुटी NDRF की टीम, सदमे में परिजन और ग्रामीण



विजय मत/सूरजपुर

सूरजपुर जिले से एक बेहद दु:खद खबर सामने आई है। बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के रामनगर डैम में नहाने के दौरान 14 वर्षीय बालक गहरे पानी में डूब गया। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है, वहीं परिजन और ग्रामीण गहरे सदमे में हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, बालक अपने 5-6 दोस्तों के साथ डेम में नहाने गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद दोस्तों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी मिली।

### तलाशी अभियान चला रही है NDRF की टीम

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ह्रष्ठक्रस्न की टीम को बुलाया गया। डीडीआरएफ की टीम डेम में लगातार तलाश अभियान चला रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक बालक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। घटना के बाद से डेम परिसर में भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है।

# अग्नि सीजन 2026 को लेकर बलौदाबाजार वनमंडल में वर्कशॉप का आयोजन

- जंगलों को आग से बचाने की पहल, बलौदाबाजार वनमण्डल में फायर सेफ्टी पर कार्यशाला, जनभागीदारी को बनाया गया आधार

**विजय मत/बलौदाबाजार**

गर्मी के मौसम में जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए बलौदाबाजार वन मंडल ने बड़ी पहल की है. वन अग्नि सीज़न 2026 को देखते हुए बलौदाबाजार वनमण्डल ने एक वर्कशॉप का आयोजन किया. बल्दाकछार परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में वन अग्नि प्रबंधन को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की गई. इस कार्यशाला में विभागीय तैयारियों पर चर्चा हुई. इसके साथ ही ग्रामीणों की सहभागिता, सतर्कता और सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत करने पर चर्चा हुई.

### 16 फरवरी से शुरू होगा अग्नि सीजन

बलौदाबाजार वनमंडल में इस कार्यशाला का आयोजन वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर के निर्देश पर हुआ. वे खुद भी इस कार्यशाला में मौजूद रहे. इस बार अग्नि सीजन 16 फरवरी 2026 से शुरू होकर 15 जून तक प्रस्तावित है. इसे देखते हुए यह कार्यशाला काफी अहम साबित हुई.




### फायर के केसों पर हुई चर्चा

इस कार्यशाला में बीते पांच सालों के अंदर बलौदाबाजार वनमंडल के वनों में हुए फायर की घटनाओं पर समीक्षा की गई. इसमें बीट गार्डों, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ आग की घटनाओं को लेकर विश्लेषण किया गया. इसमें यह चर्चा की गई कि आग लगने की प्रमुख वजहें क्या रहीं और किन क्षेत्रों में बार-बार घटनाएं सामने आईं. इन अनुभवों के आधार पर आगामी अग्नि सीज़न के लिए एक स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा हुई. जिससे आने वाले समय में वन क्षेत्रों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाई जा सके. इस चर्चा में अधिकारियों ने साफ कहा कि वन क्षेत्रों में आग को रोकने के लिए केवल प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि रोकथाम ही सबसे प्रभावी उपाय है.

### जंगलों में लगने वाले आग के कारणों पर हुई चर्चा

फायर सेफ्टी की इस कार्यशाला में जंगलों में लगने वाले आग के कारणों को लेकर चर्चा हुई. इसमें यह बताया गया कि अधिकांश मामलों में आग प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही या जानबूझकर किए गए कारणों की वजह से लगती है. इसमें मुख्य रूप से बीड़ी और सिगरेट पीने के बाद उसके जले हुए टुकड़े को फेंकना शामिल है. इसके अलावा महुआ बीनने के दौरान पत्तों को जलाना, खेत में पराली जलाना मुख्य वजहें हैं. इस सभी बातों पर ग्रामीणों, समिति सदस्यों और वन कर्मचारियों के साथ चर्चा की गई. सभी से यह अपील की गई कि वे इन सब मामलों को लेकर सतर्क रहें और लोगों से भी इस तरह की लापरवाही न करने की अपील करें।

## वन प्रबंधन समितियों को मिला सम्मान

कार्यशाला के दौरान एक सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल भी देखने को मिली. बताया गया कि दंडखार, नावाडीह, अल्दा, सुरबाय, मुढ़ीपार और सैयाभाटा वन प्रबंधन समितियों के अंतर्गत वर्ष 2025 में एक भी आगजनी की घटना दर्ज नहीं हुई. इन समितियों की सतर्कता, सक्रिय सहभागिता और जिम्मेदार कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया. अधिकारियों ने इसे अन्य क्षेत्रों के लिए एक उदाहरण बताया और उम्मीद जताई कि बाकी समितियां भी इसी तरह सजग भूमिका निभाएगी.



वन अग्नि प्रबंधन को केवल विभागीय जिम्मेदारी न मानें, बल्कि इसे सामूहिक दायित्व समझें. मैं समाज के सभी वर्गों से जंगलों से जुड़ने, जनभागीदारी बढ़ाने और वन संरक्षण के प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील करता हूं. मैं उन कम्पार्टमेंट्स की विशेष प्रशंसा करता हूं जहां आग की कोई घटना नहीं हुई.-

धम्मशील गणवीर, डीएफओ, बलौदाबाजार

कार्यशाला केवल चर्चा तक सीमित नहीं रही. इसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को फील्ड में ले जाकर फायर ब्लोअर के उपयोग की ट्रेनिंग दी गई. आग लगने की स्थिति में उपकरणों के सुरक्षित और प्रभावी संचालन की प्रक्रिया समझाई गई, ताकि वास्तविक परिस्थितियों में तुरंत कार्रवाई की जा सके और नुकसान को कम किया जा सके. इस ट्रेनिंग से वनकर्मियों और समिति सदस्यों का आत्मविश्वास बढ़ा और वे तकनीकी रूप जानकारी हासिल कर पाए।

## खबर सार



### बलरामपुर में महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म, परिवार में खुशी

**बलरामपुर।** जिले के रघुनाथ नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। जानकारी के अनुसार, मां और दो बच्चों की हालत सामान्य बताई जा रही है, जबकि एक बच्चे का वजन कम होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए वाड्राफनगर सिविल अस्पताल रेफर किया गया है। डॉक्टर कृपा शंकर भगत ने बताया कि प्रसव सामान्य रूप से हुआ है और मां सहित दो बच्चों की स्थिति स्थिर है। कम वजन वाले बच्चे को विशेष देखभाल के लिए रेफर किया गया है। महिला के पति ने बताया कि वे ग्राम पंचायत चकदेही के निवासी हैं और इलाज के लिए रघुनाथ नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए थे, जहां उनकी पत्नी ने तीन बच्चों को जन्म दिया। घटना के बाद परिवार में खुशी का माहौल है और पूरे इलाके में इसकी चर्चा हो रही है।



### रायगढ़ में देह व्यापार का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के मार्गदर्शन में शहर में अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ सख्त अभियान जारी है। इसी कड़ी में सप्ताह भर के भीतर पीटा एक्ट के तहत तीसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में चक्रधरनगर थाना पुलिस ने बोईरदादर क्षेत्र में देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि बोईरदादर निवासी नारायण वैष्णव बाहर से महिलाओं को बुलाकर देह व्यापार कराता है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस ने एक प्वाइंटर को ग्राहक बनाकर भेजा। संकेत मिलते ही चक्रधरनगर, साइबर थाना और महिला थाना की संयुक्त टीम ने मकान की घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान आरोपी नारायण वैष्णव और एक संदिग्ध महिला मौके पर मिले। पूछताछ और साक्ष्यों से पता चला कि आरोपी अपने मकान में महिलाओं को बुलाकर देह व्यापार कराता था और स्वयं दलाली व संचालन करता था। पुलिस ने उसके कब्जे से 2,000 नकद, दो मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की। आरोपी के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 39/2026 के तहत अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपी नारायण वैष्णव (55) बोईरदादर का निवासी है।



### सारंगढ़ के मोची मोहल्ला में गौ मांस बरामद, 3 गिरफ्तार

**सारंगढ़।** शहर के मोची मोहल्ला में प्रतिबंधित गौ मांस मिलने का मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सारंगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहल्ले के चार से पांच घरों में एक साथ छापेमारी की, जहां से भारी मात्रा में प्रतिबंधित गौ मांस बरामद किया गया है। पुलिस को यह सूचना गौ सेवकों द्वारा दी गई थी, जिसके बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर दबिश दी। तलाशी के दौरान कई घरों से गौ मांस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार यह अवैध गतिविधि लंबे समय से संचालित की जा रही थी। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा अवैध कारोबार सिटी कोतवाली से महज 500 मीटर की दूरी पर चल रहा था। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। इनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बताए गए लाभ उठाने के उपाए

# खैरागढ़ में ग्रामीणों को दी गई राज्य और केंद्र की चल रही योजनाओं की जानकारी

**विजय मत/खैरागढ़**

छुईखदान विकासखंड के वनांचल ग्राम समुंदपानी में ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से रोजगार और आवास दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में जिला पंचायत खैरागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल भी मौजूद रहे. जिला पंचायत की ओर से ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया गया.




### सरकार लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को किया गया जागरुक

कार्यक्रम के दौरान सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने ङ्कक्तत्रूत योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास की मजबूत नींव है. उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत गांवों में सड़क बिजली पेयजल शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को शहरों की ओर पलायन न करना पड़े और वे अपने गांव में ही बेहतर जीवन जी सकें.

### रोजगार और आवास दिवस कार्यक्रम

रोजगार और आवास दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना मनरेगा सहित अन्य रोजगार सृजन योजनाओं की जानकारी भी दी गई. प्रेमकुमार पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, वहीं मनरेगा के माध्यम से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार देकर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत की जा रही है. जिला पंचायत की ओर से यह भी कहा कि सरकार का लक्ष्य हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है.

### समस्याओं का किया गया समाधान

ग्रामीणों ने अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याएं और आवश्यकताएं भी बताईं. अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों का निराकरण किया और शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया. ग्रामीणों ने रोजगार और आवास दिवस जैसी पहल की सराहना करते हुए कहा, ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें योजनाओं की सही जानकारी मिलती है और सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत मिलती है. समुंदपानी में आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे आने वाले समय में गांव की तस्वीर बदलने की उम्मीद जताई जा रही है।




### शराब दुकान के आहाते में सो रहे युवक के पास पहुंचा भालू 4 मिनट तक रोका रहा सांसें

**विजय मत/कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नरहपुर से एक ऐसा खौफनाक घटना सामने आया है। जिसे जानने और देखने के बाद किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। आधी रात, शराब दुकान के आहाता में चैन की नींद सो रहा एक युवक अचानक मौत के मुँह के बिल्कुल सामने पहुंच गया। जब उसके पास दबे पांव एक जंगली भालू आ पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार, सिर्फ चार मिनट लेकिन ये चार मिनट उस युवक के लिए जिंदगी और मौत के बीच का सबसे लंबा संघर्ष बन गए। भालू युवक के बेहद करीब घूमता रहा, तांडव मचाता रहा और युवक सांस रोके पड़ा रहा। जरा-सी भी हलचल होती, तो अंजाम कुछ भी हो सकता था। इस दौरान युवक की सांसें थमी रहीं, दिल की धड़कनें तेज थीं, लेकिन उसने हिम्मत और सूझबूझ नहीं खोई। किस्मत और समझदारी ने साथ दिया और आखिरकार भालू बिना हमला किए वहां से चला गया और युवक की जान बच गई। यह पूरी घटना इलाके में दहशत का कारण बन गई है और वन्यजीवों की बढ़ती आवाजाही पर एक बार फिर सवाल खड़े कर रही है।

### ब्लैकमेलिंग से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या, प्रेमी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर दो बच्चों की मां द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रेमी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है।लाखासार निवासी राधेश्याम यादव ने पुलिस को बताया कि 12 वर्ष पहले उन्होंने रंजिता यादव से प्रेम विवाह किया था और उनके दो बच्चे हैं। 19 जनवरी की दोपहर करीब 3 बजे उनकी पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिकायत में बताया गया कि इंस्टाग्राम के माध्यम से रंजिता की पहचान तखतपुर खैरी निवासी सौरभ विश्वास से हुई थी, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई।आरोप है कि युवक ने दोनों की तस्वीरें मोबाइल में लेकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। डर के कारण महिला उसे लगभग 2 लाख रुपये दे चुकी थी, लेकिन इसके बाद भी वह लगातार पैसों की मांग करता रहा।

## अति दूरस्थ व पहुंच विहीन लावा में कलेक्टर ने लगाई चौपाल

**विजय मत/दंतेवाड़ा।** कुआकोंडा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित लावा (लौहा) के ग्रामीणों ने कल्पना भी नहीं की थी कि आज जिले के कलेक्टर उनसे आत्मीय संवाद करके ग्राम के बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने की पहल करेगें। किरन्दुल मुख्य खनन एरिया से लगभग 8 किलोमीटर दूर दुर्गम पहाड़ी एवं घनघोर वनों से घिरा हुआ लावा गांव नैसर्गिक सुंदरता घने जंगल, ऊँचे-ऊँचे पेड़, पक्षियों की मधुर आवाज और छोटे-छोटे नालों की शांत धारा के बीच अवस्थित है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां तक पहुंचना आसान नहीं है। पहाड़ों के बीच घुमावधार से गुजरने वाली पक्की डंडी मार्ग ही इसे किरन्दुल मुख्यालय से जोड़ती है। इस क्रम में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव आज गांव लावा पहुंचे और वहां की जमीनी हकीकत का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरे में विशेष बात यह रही कि कलेक्टर सीईओ सहित अन्य विभागीय अमले भी पहाड़ी उबड़ खाबड़ रास्ते में पदयात्रा करते हुए लावा गावं का सफर तय किया। इस दौरान पहाड़ियां की पकडंडी चलते समय कलेक्टर की मुलाकात अंड्री गांव से आ रहे ग्रामीण लिंगा और कमलेश से हुई। कलेक्टर ने उनसे सामान्य बातचीत करते उनके किरंदुल जाने का कारण पूछा। तो दोनों ग्रामीणों ने बताया कि वे अपने आधार कार्ड में सुधार कराने के लिए किरंदुल जा रहे हैं। कलेक्टर ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूरस्थ अंचलों के लिए आधार सुधार सहित अन्य जनसेवा सुविधाएं गांव या नजदीकी पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े।

अगर लावा (लोहा) गांव की बसाहट की बात करे तो यहां मात्र 12 से 15 घर हैं और लगभग 60 से 70 लोग ही निवास करते हैं। सीमित आबादी होने के बावजूद भौगोलिक दुर्गमता के कारण यहां तक शासकीय सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। इस क्रम में गांव पहुँचकर कलेक्टर ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया और उनकी दैनिक समस्याओं व जरूरतों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने उनके समक्ष पेयजल की समस्या के साथ-साथ सड़क निर्माण की आवश्यकता, पक्के आंगनबाड़ी, स्कूल, अस्पताल, विद्युत व्यवस्था जैसी आवश्यकताओं प्रमुखता से उठाया। इस पर कलेक्टर ध्रुव ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए नरेगा के माध्यम से पेयजल हेतु गांव में कुआं खोदने, सड़क निर्माण हेतु पहाड़ियों की पगडंडियों के चौड़ीकरण एवं समतलीकरण किए जाने बात कही ताकि दुपहिया एवं सायकल जैसे आवागमन के साधन आसानी से चलाये जा सके। इसके अलावा उन्होंने गांव में ही प्री-फेब्रिकेशन मॉडल के तहत स्कूल, आगंनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक भवन बनाने तथा सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत व्यवस्था संचालन करने को निर्देश अधिकारियों को दिए।

## कवर्धा में चंडालपुर गांव का बदला नाम चंदनपुर के ग्रामीणों के चेहरे पर दिखी खुशी



**विजय मत/कबीरधाम।** चाहे देश हो, प्रदेश हो या कोई गांव हो उसकी पहली पहचान नाम से होती है. अगर नाम अजीब हो तो उसे बताने में लोगों को झिझक जरूर होती है. इसी के चलते कबीरधाम जिले के एक छोटे से गांव का नाम अब बदल गया है. पहले यह गांव चंडालपुर के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब इसका नया और आधिकारिक नाम चंदनपुर हो गया है. राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना जारी होने के बाद यह बदलाव लागू हो गया. नाम बदलने की खबर मिलते ही पूरे चंदनपुर गांव में खुशी फैल गई. बुजुर्ग, युवा और बच्चे सबके चेहरे पर मुस्कान और संतोष साफ नजर आया. ग्रामीणों का कहना है कि पुराने नाम की वजह से उन्हें कई बार शर्मिंदगी और मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ती थी. पढ़ाई, नौकरी या अन्य काम से जब वे बाहर जाते थे और गांव का नाम बताते थे, तो लोग मज़ाक उड़ाते थे. इससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचती थी.अब चंदनपुर नाम मिलने से गांववासियों में नया आत्मविश्वास आया है. उनका कहना है कि यह नाम सकारात्मक सोच, सम्मान और अच्छी पहचान का प्रतीक है. आने वाली पीढ़ियों को भी इस नाम पर गर्व महसूस होगा. ग्रामीणों ने इस फैसले के लिए क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री विजय शर्मा का आभार जताया है. उनका कहना है कि लंबे समय से चली आ रही मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने शासन स्तर पर पहल की और गांव को नई पहचान दिलाई।

## बलौदाबाजार में रेत माफिया पर एक्शन बालू से भरे 6 ट्रैक्टर जब्त, मचा हड़कंप

**विजय मत/बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार और भाटापारा जिले में अवैध रेत उत्खनन पर लगातार एक्शन जारी है. कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर खनिज और राजस्व विभाग की कार्रवाई से रेत माफिया के अंदर हड़कंप की स्थिति है. शनिवार की रात को सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम भानपुर में रेत का अवैध परिवहन कर रहे 6 ट्रैक्टर को खनिज और राजस्व विभाग ने जब्त किया है. यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब जिले के कई क्षेत्रों से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं.

सोनाखान तहसील के ग्राम भानपुर क्षेत्र में राजस्व विभाग की टीम गश्त कर रही थी. इस दौरान 6 ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए गए. जांच के दौरान ट्रैक्टर चालकों के पास न तो रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज पाए गए और न ही किसी प्रकार की अनुमति. इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी 6 ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया. उसके बाद सभी ट्रैक्टरों को थाना राजादेवरी के सुपुर्द किया गया. आगे की कानूनी प्रक्रिया थाना स्तर पर की जा रही है.



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के सभी रेत घाटों और संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है. रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए न केवल नियमित जांच की जा रही है, बल्कि अचानक औचक छापेमारी भी की जा रही है, ताकि रेत माफिया किसी भी तरह से प्रशासनिक कार्रवाई से बच न सकें. कलेक्टर का स्पष्ट निर्देश है कि जिले में रेत का अवैध रेत उत्खनन और परिवहन किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा. इससे न केवल शासन को राजस्व की हानि होती है बल्कि नदी-नालों के प्राकृतिक संतुलन पर भी असर पड़ता है.

अवैध रेत कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है. इस टास्क फोर्स में पुलिस, राजस्व विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम शामिल है. यह टीम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित और आकस्मिक छापेमारी कर रही है. संयुक्त टीम की यह कार्यप्रणाली इसलिए भी अहम मानी जा रही है, क्योंकि अवैध रेत कारोबार में अक्सर संगठित तरीके से काम किया जाता है. अलग-अलग विभागों की संयुक्त मौजूदगी से कार्रवाई ज्यादा प्रभावी हो रही है और दोषियों पर दबाव बढ़ा है।

# टी20 विश्वकप: दिग्गज बल्लेबाज सिफर्ट के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया




चेन्नई,एजेंसी

टिम सिफर्ट के शानदार अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट ग्रुप-डी पहले ही मैच में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 6 विकेट पर 182 रन बनाये थे। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को कीवी टीम ने 17.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस मैच में कीवी टीम को जीत के लिए खास संघर्ष करना पड़ा। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ही ओवर में मुजीब उर रहमान ने फिन ऐलन को 1 और रचिन रविंद्र को खाता खोले बिन ही लगातार गेंदों पर आउट कर टीम को दबाव में ल दिया। इसके सिफर्ट और फिलिप्स के बीच तीसर विकेट के लिए 74 रन की अहम साझेदारी से टीम संभली। इन दोनों ने दबाव में भी आक्रामक रुख अपनाया। फिलिप्स ने 25 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं सिफर्ट ने 39 गेंदों में अर्धशतक लगाया। उन्होंने 42 गेंदों में 65 रन की पारी खेली, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह मोहम्मद नबी का शिकार बने। अंत में डैरिल मिचेल ने 14 गेंदों में 25 रन और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 8 गेंद में 17 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम की ओर से बल्लेबाज़ गुलबदिन नायब ने अर्धशतक लगाया। जिससे अफगानिस्तान की टीम एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। इस मेच में कीवी बल्लेबाजों को अपने अनुसार खेलने का अवसर नहीं मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने शुरुआत में ही दो विके खो दिये।

सलामी बल्लेबाज़ रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने 27 रन बनाये पर वह इसके बाद लॉकी फर्ग्युसन की धीमी गेंद पर पेवेलियन लौट गये। इसी ओवर में फर्ग्युसन ने इब्राहिम जादरान को अंतिम गेंद पर आउट कर दिया। जादरान ने 10 रन बनाये थे। इसके बाद गुलबदिन नायब ने 63 रन और सेदिकुल्लाह अटल ने 29 रन बनाकर पारी को आगे बढ़ाया। गुलबदिन ने 29 गेंदों में ही 50 रन बना दिये। अंतिम ओवरों में गुलबदिन ने 17 गेंदों में 33 रन बनाकर स्कोर को 150 के ऊपर पहुंचाया।

बाद अजमतुल्लाह उमरजई ने 14 रन बनाकर फगानिस्तान को 180 रनों के उपर पहुंचाया ।न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने 40 रन देकर 2 विकेट लिए। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट जबकि मैट हेनरी, जेकब डफी और रचिन रविंद्र को एक-एक विकेट मिला।

### 25 गेंदों में 42 रन बनाए

इन दोनों ने दबाव में भी आऋ ामक रुख अपनाया। फिलिप्स ने 25 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल रहा। वहीं सिफर्ट ने 39 गेंदों में अर्धशतक लगाया। उन्होंने 42 गेंदों में 65 रन की पारी खेली, जिसमें सात चौके और शामिल थे। वह मोहम्मद नबी का शिकार बने। अंत में डैरिल मिचेल ने 14 गेंदों में 25 रन और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 8 गेंद में 17 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम की ओर से बल्लेबाज़ गुलबदिन नायब ने अर्धशतक लगाया। जिससे अफगानिस्तान की टीम एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। इस मेच में कीवी बल्लेबाजों को अपने अनुसार खेलने का अवसर नहीं मिला।

## नेशनल विंटर चैंपियनशिप के आयोजन स्थल में किया बड़ा बदलाव

**चमौली ।** उत्तराखंड के औली में 12 से 16 फरवरी तक प्रस्तावित नेशनल विंटर चैंपियनशिप के आयोजन स्थल में बदलाव किया है। औली के नंदा देवी स्कीइंग स्लोप पर तेजी से बर्फ पिघलने के चलते खेलों के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति बनी थी। लगातार बदलती बर्फ की स्थिति को देखकर विंटर गेम संगठन ने वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया। इसके बाद देहरादून में हुई उच्च स्तरीय बैठक में आयोजन स्थल बदलने का फैसला हुआ। अब चैंपियनशिप का आयोजन गौरसो बुग्याल या औली रोपवे के 10 नंबर टावर के समीप करने की तैयारी है।आयोजन स्थल बदलने का निर्णय देहरादून में आयोजित बैठक में होगा। बैठक की अध्यक्षता विंटर गेम संगठन के जॉइंट सेक्रेटरी अजय भट्ट ने की। इसमें आईटीबीपी के अधिकारी, विभिन्न राज्यों से आए कोच और टीम मैनेजर भी मौजूद रहे।औली में बर्फ की स्थिति अनुकूल न रहने पर वैकल्पिक स्थल को अपनाया जाएगा।

## लवलीना-अरुंधति की अगुआई में भारत ने बॉक्सम एलीट में नौ स्वर्ण पदक जीते



किंगदाओ, एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व यूथ विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 मुक्केबाजी टूर्नामेंट में जबरदस्त दबदबा बनाते हुए कुल नौ स्वर्ण पदक अपने नाम किए। स्पेन में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत ने विशेष रूप से महिला वर्ग में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। शनिवार को खेले गए मुकाबलों में भारत की सात महिला मुक्केबाजों ने फाइनल में जगह बनाई और सभी ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। 54 किग्रा भार वर्ग में तो खिताबी मुकाबला पूरी तरह भारतीय मुक्केबाजों के बीच ही खेला गया।

बॉक्सम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से अधिक मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया, जो सीज़न की शुरुआत में एक उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय चुनौती थी। भारत ने प्रतियोगिता में नौ स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदकों के साथ सबसे सफल टीम के रूप में अभियान समाप्त किया। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, % बॉक्सम एलीट ने हमें वही अंतरराष्ट्रीय अनुभव दिया जिसकी हमें इस चरण पर आवश्यकता थी। फाइनल मुकाबलों में शानदार सफलता हमारी तैयारी और कार्यक्रम की प्रगति को दर्शाती है। आने वाला वर्ष चुनौतीपूर्ण है।

## पहल हमेशा भारत ने की, जवाब कभी नहीं मिला

**नई दिल्ली ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान मैच के बहिष्कार को लेकर जारी विवाद के बीच भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान हमेशा भारत से दोस्ताना कदम बढ़ाने की उम्मीद करता है, लेकिन ऐसा कोई सकारात्मक रुख पाकिस्तान की ओर से कभी दिखाई नहीं दिया। गावस्कर ने 2008 के आईपीएल का उदाहरण देते हुए कहा कि लीग की शुरुआत में लगभग हर फ्रेंचाइजी में पाकिस्तानी खिलाड़ी मौजूद थे और कई पाकिस्तानी कमेंटेटर्स को भी भारत में काम करने का मौका मिला। यहां तक कि तब भी जब दोनों देशों के रिश्तों में आज जैसी तल्खियां नहीं थीं। उन्होंने सिर्फ क्रिकेट ही नहीं।

## आईसीसी ने भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार पर पीसीबी को फटकार लगाई




दुबई, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी20 विश्वकप में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच के बहिष्कार की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की घोष्णा पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती हे। आईसीसी ने पीसीबी से पूछा है कि उसने 'फोर्स मेज्योर' प्रावधान के तहत मैच के बहिष्कार करने का जो फैसला लिया है वह किन आधारों पर लिया है, ये उसे बताना होगा। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी ने कहा थ कि पाकिस्तान सरकार के निर्देशों के कारण वह मैच नहीं खेल सकती। वहीं आईसीसी ने अभी तक इस मामले में उम्मीद नहीं छोड़ी है। दोनो के बीच अभी बातचीत जारी है जिससे इस मामले का हल निकल सकता है। पाक बोर्ड जिस फोर्स मेज्योर प्रावधान के तरत मैच नहीं खेलने की बात कर रहा।

## माइनस 21 डिग्री और बर्फीले तूफान के बीच 30 किमी की रेस की

नई दिल्ली,एजेंसी

बीजिंग विंटर ओलिंपिक का आखिरी दिन... प्रकृति और शरीर, दोनों मेरे खिलाफ थे। माइनस 21 डिग्री पारा और बर्फीले तूफान के बीच 30 किमी की रेस थी। रेस से 30 घंटे पहले फूड पॉइजनिंग से निढाल थी, न खाना पच रहा था, न ही जॉगिंग कर पा रही थीं। फिर भी मैं मैदान में उतरी...।' अमेरिका की सबसे सफल क्रॉस-कंट्री स्कीयर जेसी डिगिंस कहती हैं- रेस के दौरान गिरने और शरीर में ऐंठन के बावजूद वे डटी रहीं। अंतत~रेस पूरी कर सिल्वर मेडल जीता और इतिहास रच दिया। तीन वर्ल्ड कप, तीन ओलिंपिक मेडल और सात वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीत चुकी डिगिंस 2026 में इटली में हो रहे विंटर ओलिंपिक में पूरे दमखम के साथ उतर रही हैं, जानिए उनके शीर्ष तक पहुंचने का सफर...

'बात 2022 विंटर ओलिंपिक की है। रेस से पहले हुई फूड पॉइजनिंग से शरीर में पानी और ऊर्जा की भारी कमी हो गई। सुबह 10 मिनट की हल्की दौड़ भी पूरी नहीं कर पाई। बिस्तर पर गिरकर फूट-फूट कर रोने लगी।




मम्मी-पापा को फोन किया और बस इतना कह सकी,'सब कुछ वैसा नहीं हो रहा, जैसा होना चाहिए था।' शाम को शरीर थोड़ा संभला। स्पिन बाइक पर हल्की एक्सरसाइज की।

अगली सुबह बस में बैठी तो मां का ई-मेल देखा, जिसने मेरी बेचैनी शांत कर दी। उन्होंने लिखा, 'तुम्हें यह रेस किसी के लिए नहीं करनी है। तुम पर किसी का उधार नहीं है। आज तुम स्कीइंग करती हो तो सिर्फ इसलिए करना क्योंकि तुम्हें इस खेल से प्यार है।' बस, उसी पल दिमाग से दबाव और मन से बोझ हट गया। बर्फीली हवाएं बदन को चाकू की तरह चीर रही थीं। पर असली चुनौती बाहर का मौसम नहीं, बल्कि अंदर चल रहा तूफान था।

### आवाजें सुनाई देना बंद हो गईं

आखिरी लैप तक सबकुछ धुंधलाने लगा और आवाजें सुनाई देना बंद हो गईं। शायद पानी की कमी और गिरता शुगर लेवल मेरा रास्ता रोक रहे थे। 1 घंटा 26 मिनट और 37 सेकेंड में फिनिश लाइन पार की, तो मैं बर्फ पर ऐसे गिरी जैसे किसी ने कठपुतली के धागे काट दिए हों। आंखों के लेंस पुतलियों पर जम चुके थे। मैं बस बुरी तरह हांफ रही थी। उस वक्त मुझे अस्पताल जाना चाहिए था, पर मैं पोडियम तक गई और सिल्वर मेडल लिया।जेसी कहती हैं- लोग अक्सर पूछते हैं कि मैं इतना दर्द कैसे सह लेती हूं? मेरा जवाब है- संघर्षों ने मुझे निखारा है। बरसों पहले मैंने ईटिंग डिसऑर्डर से जंग लड़ी थी। उस दौर की मानसिक पीड़ा के आगे रेस का दर्द कुछ भी नहीं। कम से कम रेस की एक फिनिश लाइन तो होती है, पर उस बीमारी का कोई अंत नहीं दिखता था। दर्द से जूझना मेरी ताकत है, पर खुद को सजा देना मेरी कमजोरी।लोग सोचते हैं कि मैं दर्द इसलिए सहती हूं क्योंकि मेरे अंदर कोई अंधेरा है। ऐसा नहीं है। मैं इसलिए सहती हूं क्योंकि मैं आजाद हूं, खुश हूं। जब आप पहले से दर्द में हों, तब और दर्द नहीं सह सकते, लेकिन जब संतुलन में हों, तब आप सब कुछ झेल सकते हैं।



# अदाणी मुंद्रा पोर्ट ने जनवरी 2026 में वाहनों और तरल माल में तोड़ा रिकॉर्ड

### रो-रो टर्मिनल के माध्यम से इस महीने 25,762 वाहन विदेशों में भेजे गए

मुंबई , नई दिल्ली

गुजरात स्थित अदाणी मुंद्रा पोर्ट ने जनवरी 2026 में वाहनों के निर्यात में अब तक का सर्वोच्च मासिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। बंदरगाह के अदाणी मुंद्रा कंटेनर टर्मिनल (सीटी2) के समर्पित रोल-ऑन/रोल-ऑफ (रो-रो) टर्मिनल के माध्यम से इस महीने 25,762 वाहन विदेशों में भेजे गए। यह आंकड़ा मई 2024 में स्थापित पिछले रिकॉर्ड को पार करता है। पोर्ट अधिकारियों के अनुसार, मारुति सुजुकी और टोयोटा जैसे वाहन निर्माताओं ने अफ्रीका, यूरोप, पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिमी देशों के लिए निर्यात में वृद्धि की। इस दौरान एक ही जहाज पर 5,701 वाहनों को लोड किया गया, जो किसी भी पोत पर अब तक की सबसे बड़ी लोडिंग है। अदाणी मुंद्रा का लिक्विड टर्मिनल जनवरी में 11.20 लाख टन तरल माल संभालने में सफल रहा, जो इसका अब तक का सबसे अधिक मासिक रिकॉर्ड है। यह पिछले उच्च स्तर (दिसंबर 2025) से भी अधिक है। इस तरल माल में ऊर्जा उत्पाद, रसायन और औद्योगिक तरल पदार्थ शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह आंकड़ा मुंद्रा की बहु-श्रेणी कार्गो प्रबंधन क्षमता को स्पष्ट करता है। ये उपलब्धियाँ भारत में बड़े, एकीकृत बंदरगाहों की वैश्विक व्यापार और निर्यात प्रवाह में बढ़ती भूमिका को दर्शाती हैं। वाहनों और तरल माल दोनों क्षेत्रों में उच्च प्रदर्शन न केवल




निर्यातकों के लिए अवसर बढ़ाता है, बल्कि भारत की अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को भी मजबूत करता है। अदाणी मुंद्रा पोर्ट के ये रिकॉर्ड यह दिखाते हैं कि देश के बंदरगाह अब उच्च मात्रा में माल को तेज़ी से संभालने और वैश्विक मांग को पूरा करने में सक्षम हैं।

उधर, दवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी सन फार्मा ने स्पष्ट किया है कि उसका मुख्य ध्यान खुद की मेहनत और संसाधनों से विकास (ऑर्गेनिक ग्रोथ) पर रहेगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह रणनीति शेयरधारकों के लिए निवेश को आकर्षक बनाए रखने के उद्देश्य से अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी बड़े अधिग्रहणों में जल्दबाजी नहीं करेगी। अधिग्रहण पर विचार केवल तब किया जाएगा जब इससे कंपनी की दीर्घकालिक रणनीतिक क्षमता मजबूत हो।

## अमेरिका में इन सेक्टरों की चमक बढ़ेगी कई गुना

**नई दिल्ली ।** भारत और अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार ढांचे पर सहमति जताई है। इसका उद्देश्य आने वाले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाना है। समझौते के तहत दोनों देशों के उत्पादों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाई जाएगी। कुछ प्रमुख वस्तुओं पर शुल्क में कटौती होगी और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। प्रारंभ में भारतीय निर्यात पर लगभग 18 फीसदी शुल्क लागू रहेगा, लेकिन बाद में महत्वपूर्ण सेक्टरों में और रियायत संभव है। भारतीय जेनरिक दवाओं और फार्मा सामग्री को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। अमेरिकी समीक्षा के बाद शुल्क में रियायत दी जाएगी। भारत से अमेरिका का फार्मा निर्यात सालाना लगभग 9.78 अरब डॉलर का है। शुल्क कटौती से भारतीय दवाओं की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और बाजार हिस्सेदारी में सुधार होगा।

# अगले हफ्ते स्टॉक स्प्लिट, बोनस और डिविडेंड से बाजार में बढ़ेगी हलचल

### कॉरपोरेट एक्शन के चलते निवेशकों की नजर बाजार पर

नई दिल्ली, एजेंसी

आने वाला हफ्ता शेयर बाजार के लिहाज से खास रहने वाला है। बाजार भले ही रोजाना उतार-चढ़ाव से गुजरता हो, लेकिन कुछ हफ्ते ऐसे होते हैं जब एक साथ कई बड़ी वजहें निवेशकों का ध्यान खींचती हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बनता दिख रहा है। स्टॉक स्प्लिट, बोनस इश्यू और डिविडेंड जैसे कॉरपोरेट एक्शन बाजार में नई हलचल पैदा कर सकते हैं। ऐसे में यह हफ्ता न सिर्फ ट्रेडर्स बल्कि लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




अगले हफ्ते शेयर बाजार में डेल्फी वर्ल्ड मनी लिमिटेड निवेशकों के रडार पर रहेगी। कंपनी ने अपने शेयर के स्टॉक स्प्लिट का ऐलान किया है। बीएसई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कंपनी के स्टॉक स्प्लिट की एक्स-डेट 13 फरवरी 2026 तय की गई है, जबकि रिकॉर्ड डेट 14 फरवरी 2026 रखी गई है। इस स्प्लिट के तहत कंपनी अपने शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटाकर 2 रुपये करने जा रही है। माना जा रहा है कि इससे शेयर की लिक्विडिटी बढ़ सकती है। अगले हफ्ते दो कंपनियां अपने शेयरधारकों को बोनस इश्यू देने जा रही हैं।

पहली कंपनी एक्सिटा कॉटन लिमिटेड है, जिसने 1~10 के अनुपात में बोनस इश्यू घोषित किया है। इसका एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट दोनों 13 फरवरी 2026 तय किया गया है। वहीं दूसरी कंपनी डेल्फी वर्ल्ड मनी लिमिटेड है, जो 2~1 के अनुपात में बोनस शेयर देगी। इसका एक्स-डेट 13 फरवरी और रिकॉर्ड डेट 14 फरवरी 2026 है। इसके अलावा अगले हफ्ते 50 से अधिक कंपनियां अपने निवेशकों को डिविडेंड देने जा रही हैं। इस लिस्ट में फार्मा आदि

## हार्ले-डेविडसन समेत बड़ी बाइक्स होंगी सस्ती, इंपोर्ट ड्यूटी होगी जीरो

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत सरकार अमेरिका से आने वाली प्रीमियम मोटरसाइकिलों को बड़ी राहत देने जा रही है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील के तहत 800 सीसी से 1,600 सीसी और उससे ज्यादा इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर इंपोर्ट ड्यूटी पूरी तरह खत्म की जाएगी। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

भारत और अमेरिका ने इसी दिन एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें अंतरिम व्यापार समझौते का जिक्र किया गया है। उम्मीद है कि यह समझौता मार्च के मध्य तक आधिकारिक रूप से साइन हो जाएगा और इसके लागू होते ही नई ड्यूटी व्यवस्था प्रभाव में आ जाएगी। पिछले साल भारत सरकार ने बड़ी बाइक्स पर इंपोर्ट ड्यूटी कम की थी। 1,600 सीसी तक की पूरी तरह बनी मोटरसाइकिलों पर ड्यूटी 50 फीसदी से घटाकर 40 फीसदी और 1,600 सीसी से ऊपर की बाइक्स पर 30 फीसदी कर दी गई थी। अब नई डील में 800 सीसी से ऊपर की श्रेणी को पूरी तरह ड्यूटी फ्री किया जाएगा।

समझौते में अमेरिकी डीजल और पेट्रोल कारों पर ड्यूटी में छूट शामिल है। वहीं अमेरिका भारत से आने वाले कुछ ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ हटाएगा।

## 'पैक्स के लिए भारत को न्यौता

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका ने भारत को 'पैक्स सिलिका' नामक आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा और नवाचार पहल में शामिल होने का निमंत्रण देकर उत्साह जताया है। अमेरिका ने कहा है कि जल्द ही भारत सरकार के साथ इस पहल पर आधिकारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। पैक्स सिलिका दिसंबर 2025 में शुरू की गई एक रणनीतिक पहल है, जिसका उद्देश्य सुरक्षित और नवाचार आधारित सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला तैयार करना है। यह पहल महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा इनपुट, उन्नत विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, एआई बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक सहित कई क्षेत्रों को कवर करती है।

**बाजार** बढ़ती मांग के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम मजबूत बने रहे

# तेल-तिलहन बाजार में कारोबारियों की धारणा बिगड़ी, दाम में गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में सामान्य उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन सप्ताहांत में अमेरिका-भारत अंतरिम व्यापार समझौते की खबर और सोयाबीन तेल के शुल्क मुक्त आयात की अफवाह फैलने से कारोबारी धारणा कमजोर हुई।

इस वजह से अधिकांश तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। अच्छी गुणवत्ता वाले मूंगफली तेल और साबुत मूंगफली की बढ़ती मांग के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम मजबूत बने रहे। सरसों तेल का कारोबार पहले से कमजोर था, नई फसल आने और अफवाहों के चलते दामों पर दबाव बढ़ा। महाराष्ट्र में सोयाबीन का दाम 6,200 रुपये प्र?ति क्विंटल से घटकर 5,850 रुपये



प्र?ति क्विंटल और मंडियों में हाजिर भाव 5,750-5,800 रुपये प्र?ति क्विंटल से गिरकर 5,300-5,400 रुपये प्र?ति क्विंटल हो गया। मध्य प्रदेश में दाम एमएसपी से नीचे चले गए। जाड़े की कमजोर मांग और धारणा प्रभावित होने से पाम-पामोलीन तेल के दाम भी नीचे आए। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 200 रुपये की गिरावट के साथ 6,950-6,975 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 550 रुपये की गिरावट के साथ 14,250 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश~75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश~ 2,400-2,500 रुपये और 2,400-2,545 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमश~ 125-125 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश~ 5,600-5,650 रुपये और 5,200-5,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 100 रुपये की गिरावट के साथ 14,600 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 50 रुपये की गिरावट आई।

## सार समाचार

### गुरुकुल प्रभा वार्षिक उत्सव में जितेश्वरी चुनी गई सर्वश्रेष्ठ छात्रा



विजय मत/रायपुर। गुरुकुल महिला महाविद्यालय में गुरुकुल प्रभा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण का रविवार को अरुण मंच गुरुकुल परिसर में संपन्न हुआ। जहां महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सत्र 2025-26 की सर्वश्रेष्ठ छात्रा के रुप में बी.कॉम. अंतिम वर्ष की छात्रा जितेश्वरी साहू को अलंकृत किया गया। सेवा और समर्पण के लिए करुणा साहू (बीएससी अंतिम) को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक तथा खुशबू साहू (बी.कॉम. अंतिम वर्ष) को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, अकादमिक उत्कृष्टता के लिए कु. चेतना साहू (वाणिज्य विभाग), कु. ऐश्वर्या यादव (विज्ञान विभाग) और कु. निशा साहू (कंप्यूटर विभाग) को मेरिट स्कॉलरशिप प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सुनील कुमार सोनी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने महाविद्यालय की प्रगति की सराहना की और विजेता छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि तरल मोदी, अध्यक्ष, भातखंडे ललित कला शिक्षा समिति ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कला और कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला।

### 'बिहान' से मिली आत्मनिर्भरता की राह



विजय मत/रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान परियोजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार बन रही है। सरगुजा जिले के अंबिकापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटिकरा की निवासी श्रीमती मनमेश्वरी ने इस योजना से जुड़कर अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर महिला उद्यमिता की प्रेरक कहानी रची है। अल्पना स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य श्रीमती मनमेश्वरी ने आर्थिक तंगी के बीच बिहान योजना के अंतर्गत समूह से ऋण लेकर अपने गांव में धान कुटाई मशीन स्थापित की। प्रारंभ में ऋण चुकाने को लेकर उन्हें आशंका थी, लेकिन निरंतर परिश्रम और कार्य के प्रति समर्पण से मशीन संचालन सफल रहा। आज वे न केवल पूरा ऋण चुका चुकी हैं, बल्कि धान कुटाई मशीन से नियमित अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रही हैं।

# खेल मड़ई बना स्वास्थ्य और सौहार्द का मंच : मंत्री राजवाड़े

● रायपुर प्रेस क्लब की इंटर प्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में पत्रकार खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

विजय मत, रायपुर





महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। पत्रकारों की व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खेलों के प्रति उनका उत्साह सराहनीय है। उन्होंने रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित खेल मड़ई को प्रेरणादायक पहल बताते हुए सभी आयोजकों और प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं दीं।

रायपुर प्रेस क्लब द्वारा स्वर्गीय कुलदीप निगम की स्मृति में खेल मड़ई के अंतर्गत नेताजी सुभाष स्टेडियम, रायपुर में इंटर प्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पत्रकार जगत की विभिन्न टीमों के बीच उत्साहपूर्ण और रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों को उनकी व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय निकालकर खेलों से जोड़ना, आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मैदान में पहुंचकर प्रतियोगिता में भाग ले रहे पत्रकार खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सहयोग, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, सहसचिव श्रीमती निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े, खेल आयोजन समिति के संयोजक विजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## मंत्री राजवाड़े के प्रयासों से 28.19 करोड़ रुपए की सड़क परियोजना को मिली स्वीकृति

कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से भटगांव विधानसभा क्षेत्र को सड़क विकास की एक बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन द्वारा बीरपुर 12 मील हनुमान मंदिर (सिलफिली) से कालीघाट महावीरपुर (अंबिकापुर) तक राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के डामरी मजबूतीकरण कार्य के लिए 28.19 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण परियोजना के माध्यम से लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या का समाधान होगा तथा आमजन को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस सड़क विकास कार्य से भटगांव विधानसभा सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापार, परिवहन और स्थानीय रोजगार के अवसरों को नई गति मिलेगी। साथ ही अंबिकापुर जैसे प्रमुख शहरी केंद्र से संपर्क और अधिक मजबूत होगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सुशासन सरकार की प्राथमिकता जनसुविधाओं का विस्तार और संतुलित विकास है।

### मध्य भारत का सबसे बड़ा और आधुनिक वाटर पार्क अब रायपुर में

# अम्यूज ओ रामा का हुआ शुभारंभ, छत्तीसगढ़ को मिली पहली ग्लास ब्रिज वाटर राइड की सौगात

● ग्लास ब्रिज, ड्रॉप टावर और स्मार्ट बैंड टेक्नोलॉजी जैसे फीचर्स से लैस

विजय मत, रायपुर

छत्तीसगढ़ के मनोरंजन परिदृश्य में आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया जब रायपुरा (इंद्रप्रस्थ) स्थित मध्य भारत के सबसे प्रतीक्षित वॉटर और थीम पार्क अम्यूज ओ रामा का भव्य उद्घाटन हुआ। इस मेगा प्रोजेक्ट के शुरू होने से अब राजधानीवासियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के रोमांच के लिए मेट्रो शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। समारोह में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोती लाल साहू, विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, आरडीए अध्यक्ष नंद कुमार साहू, आरएसएस के प्रधान प्रचारक राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव और रायपुर राम मंदिर अध्यक्ष बृजलाल गोयल मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने पार्क की आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों का अवलोकन किया। अम्यूज ओ रामा सिर्फ एक वाटर पार्क या थीम पार्क नहीं बल्कि मनोरंजन का खजाना है, जहाँ रोमांच, तकनीक, सुरक्षा और पारिवारिक आनंद, सब कुछ एक



ही परिसर में मिलेगा।अम्यूज ओ रामा वाटर पार्क 3,000 से 5,000 लोगों की दैनिक क्षमता के साथ तैयार किया गया है। यहाँ मौजूद हर राइड और हर जोन को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकसित किया गया है।

**खास सुविधाएं-**

* वेव पूल 1,500 लोगों की एक साथ क्षमता समुद्री लहरों जैसा वास्तविक अनुभव परिवार और युवाओं के लिए खास आकर्षण
* इंटरनेशनल स्विमिंग पूल का अनुभव प्रोफेशनल डिजाइन सुरक्षा मानकों के साथ
* लेजी रिवर और किड्स स्लाइड्स बच्चों के लिए अलग-अलग थीम पर आधारित स्लाइड्स सुरक्षित रंगीन और आनंददायक वातावरण
* फैमिली-फ्रेंडली डिजाइन किड्स पार्क छोटे बच्चों के लिए विशेष जोन फन, सेफ्टी और लर्निंग का कॉम्बिनेशन
* कांच से बना रोमांचक पुल नीचे दिखता पानी, ऊपर चलता साहस युवाओं और एडवेंचर लवर्स के लिए सबसे बड़ा आकर्षण
* पहला ड्रॉप टावर ऊँचाई से गिरते रोमांच की अनुभूति एड्रेनालिन रश चाहने वालों के लिए परफेक्ट
* पहली क्रोको कार्नेज वाटर राइड यूनिक थीम रोमांच और कहानी का अनोखा मेल
* फ्लाइंग चेयर राइड हवा में झूलता आनंद बच्चों और बड़ों-दोनों के लिए ।

### महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएँ

यहाँ सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। अलग-अलग जोन, प्रशिक्षित लाइफगार्ड, आधुनिक सुरक्षा सिस्टम, साफ-सुथरे चेंजिंग रूम, महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएँ। स्पेशल स्मार्ट बैंड सिस्टम इसी बैंड से एंट्री, इसी से शॉपिंग, झंझट-मुक्त अनुभव यह सिस्टम न सिर्फ सुविधा बढ़ाता है, बल्कि सुरक्षा और समय की बचत भी सुनिश्चित करता है। स्वच्छ, स्वादिष्ट और मजेदार जायके का मिलेगा लुफ्त बच्चों से लेकर बड़ों तक- हर स्वाद का ध्यान, गो-कार्टिंग और मल्टी-एक्टिविटी जोन, वाटर पार्क के साथ-साथ यहाँ मिलेगा.

### आज से सोमवार को लगेगा कलेक्टर जनदर्शन

सूरजपुर । कलेक्टर जनदर्शन के समय में संशोधन किया गया है, 09 फरवरी से जनदर्शन मंगलवार की जगह प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही समय-सीमा, राजस्व, कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा समिति, ठउडफ्छ, छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम और दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा/पास्को अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के सम्बंध में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक भी प्रत्येक सोमवार को अपने पूर्व निर्धारित समय से आयोजित की जायेगी। जिला प्रशासन की आमजन से अपील है कि जनदर्शन के लिए सोमवार को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ।

## असम की जनता ने ठाना है, भाजपा को जिताकर विकसित असम बनाना है : उप मुख्यमंत्री साव

विजय मत, रायपुर



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज अपने तीन दिवसीय असम प्रवास के दूसरे दिन लखीमपुर क्षेत्र के भीमपारा में एक भव्य जनसभा को संबोधित किया। श्री साव ने कहा कि असम की जनता ने विकास और सुशासन के पक्ष में अपना मत देकर विकास को चुना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन पर मुहर लगाया। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा जी के कुशल नेतृत्व में असम का विकास भारत की प्रगति में बड़ा स्थान रखता है, जनता का विश्वास मोदी जी और हिमंता जी के साथ है। डिप्टी सीएम साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं जनता का मन पढ़ना जानता हूं, असम कह रहा है एक बार फिर भाजपा सरकार। डिप्टी सीएम साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जी के कुशल नेतृत्व में असम ने विकास के नए शिखर को छुआ है। उन्होंने कहा कि असम की जनता ने ठाना है कि वे भाजपा को लाएंगे और विकास के इस सफर को जारी रखेंगे। इस अवसर पर डिप्टी सीएम साव जी ने भाजपा प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने और असम को विकास के नए शिखर पर पहुंचाने में अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

## प्रदेशभर में कल से होंगे स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन

● पंचायत एवं नगरीय निकायों में चलाया जाएगा जनजागरुकता अभियान

विजय मत, रायपुर

स्मार्ट मीटर की सुविधा का लाभ उठाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी उपभोक्ताओं को जागरुक करेगी। इसमें उन्हें अपने मोबाइल के माध्यम से स्मार्ट मीटर में दर्ज खपत को देखने और उनके अनुसार ऊर्जा की बचत करने के तरीके सिखाया जाएगा। इसके लिए 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। भारत सरकार के



विद्युत मंत्रालय के निदेर्शानुसार 9 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक देशभर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी विद्युत सेवाएँ प्रदान करना है। देशभर में अब तक 5 करोड़ से अधिक प्रीपेड स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ में भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। स्मार्ट मीटर पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूकता, विश्वास और स्वीकृति को बढ़ावा देना है। पखवाड़े के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज द्वारा उपभोक्ताओं को प्रीपेड स्मार्ट मीटर के लाभों की जानकारी दी जाएगी। इसमें अग्रिम भुगतान की सुविधा, रीयल-टाइम बैलेंस की जानकारी, बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण, सही एवं पारदर्शी बिलिंग, विवादों में कमी, लो-बैलेंस एवं असामान्य खपत की सूचना, आसान रिचार्ज सुविधा तथा सेवा गुणवत्ता में सुधार शामिल हैं।

## व्यापम द्वारा आयोजित उप अभियंता परीक्षा सम्पन्न

विजय मत, रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम), रायपुर द्वारा आयोजित उप अभियंता (ठफ्छ्ळ-26) परीक्षा दिनांक 08 फरवरी 2026 (रविवार) को प्रथम पाली में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:15 बजे तक जिला रायपुर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री का वितरण प्रातः 08:00 बजे जिला कोषालय, कलेक्ट्रेट रायपुर से नियमानुसार किया गया। जिले में निर्धारित 15 परीक्षा केंद्रों में कुल 5069 परीक्षार्थियों के पंजीयन के विरुद्ध 3270 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। परीक्षा उपरांत समस्त गोपनीय सामग्री को समन्वयक केंद्र शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर से दोपहर 04:00 बजे सुरक्षित रूप से जिला कोषालय, कलेक्ट्रेट रायपुर में जमा कराया गया।

इस प्रकार उप अभियंता परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं नियमानुसार संपन्न कराई गई।

## पहलाजानी हॉस्पिटल और माता लक्ष्मी नर्सिंग होम प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

विजय मत, रायपुर

पहलाजानी हॉस्पिटल और माता लक्ष्मी नर्सिंग होम के संचालक और डॉक्टर पर तीन वर्ष पहले बच्चा बदलने के आरोप में सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले पर पुलिस ने प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, परिजनों ने आरोप लगाया कि बिना जानकारी गर्भवती मां को ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। प्रसव के बाद जुड़वा बच्चे हुए। जब बच्चा दिखाया तो वह अलग दिख रहे थे। बच्चों की अदला बदली का आरोप




लगाते हुए पीड़ित परिवार हाइकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक गया। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के बचेली निवासी अशोक कुमार सिंह और उनकी पत्नी उषा सिंह साल 2022 में संतान प्राप्ति के लिए रायपुर के अनुपम नगर स्थित माता लक्ष्मी नर्सिंग होम पहुंचे थे। यहां संचालित पहलाजनी टेस्ट ट्यूब बेबी एंड सरोगेसी सेंटर में डॉक्टरों ने आईवीएफ प्रक्रिया के जरिए संतान होने का आश्वासन दिया। अक्टूबर 2022 में पहली बार आईवीएफ प्रक्रिया की गई, जिसमें उषा सिंह गर्भवती हुई, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से दिसंबर 2022 में गर्भपात कराना पड़ा। इसके बाद अप्रैल 2023 में दोबारा आईवीएफ प्रक्रिया कराई गई। जांच में गर्भ में जुड़वा बच्चों की पुष्टि हुई। 25 दिसंबर 2023 को बिना परिजनों की पूर्व जानकारी के उषा सिंह को ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया।

## बंगाली चाल में वर्षो से व्याप्त पानी की किल्लत होगी दूर, वार्ड क्र. 15 एवं 09 में पेयजल व्यवस्था

विजय मत/ राजिम



उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पेयजल व्यवस्था से जुडे सवा 87 लाख रू. के कार्यो का किया भूमिपूजन

कोरबा के टी.पी.नगर जोनांतर्गत स्थित बंगाली चाल में वर्षो से व्याप्त पानी की किल्लत अब दूर होने जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर वार्ड क्र. 15 व वार्ड क्र. 09 में पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। आज टी.पी.नगर स्थित टैगोर उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पेयजल व्यवस्था से जुडे. सवा 87 लाख रुपए के कार्यो का भूमिपूजन किया तथा शीघ्र कार्य प्रारंभ कर कार्यो को त्वरित रूप से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि इसी ग्रीष्म ॠतु में इन कार्यो का लाभ वार्डवासियों को मिल सके। इस मौके पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित वार्ड के पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ को मिलेगी पहले NSTI की सौगात, संसद में उठाई आवाज तो जमीन आवंटन की प्रक्रिया हुई तेज

विजय मत, रायपुर

छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष और वरिष्ठ भाजपा नेता, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल के अथक प्रयासों और संकल्पशक्ति के परिणामस्वरूप प्रदेश में पहले राष्ट्रीय कौशल विकास संस्थान (ठरळक) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। श्री अग्रवाल द्वारा लोकसभा में इस विषय को प्रखरता से उठाए जाने के बाद अब राज्य के तकनीकी शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया तेज कर दी है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने रायपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर में जमीन की जानकारी मांगी है।



जमीन का चिह्नांकन होने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में एनएसटीआई की आवश्यकता को लेकर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने संसद में 2 फरवरी 2026 को प्रभावी ढंग से आवाज उठाई थी। उनके द्वारा पूछे गए लिखित प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया था कि राज्य की ओर से 10 एकड़ जमीन उपलब्ध होते ही फंड जारी कर दिया जाएगा। सांसद के निरंतर फॉलो-अप और दबाव का ही परिणाम है कि अब जिला प्रशासन रायपुर (सड्डू या मोवा) में जमीन की तलाश कर रहा है।

सांसद अग्रवाल का मानना है कि केवल डिग्री से रोजगार नहीं मिलता, बल्कि कौशल से भविष्य संवरता है। इस संस्थान के आने से छत्तीसगढ़ के युवाओं को भविष्य की तकनीकः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), मशीन लर्निंग और डिजिटल सेवाएं।

### सतनामी समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब

## गुरु घासीदास बाबा के बताये सादगी विवाह को गर्व के साथ अपनाने की जरूरत : मंत्री गुरु खुशवंत

विजय मत, रायपुर

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्री एवं सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब जी का रविवार को सारंगढ़ प्रवास रहा, जहाँ कैबिनेट मंत्री प्रदेश स्तरीय सतनामी समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। गुरु खुशवंत साहेब जी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निरंतर सतनामी समाज के लिए किए जा रहे सबका साथ सबका विकास के कार्यों, प्रदेश में गुरु घासीदास बाबा जी के मेला आयोजन के लिए




स्वीकृत राशि का अपने संबोधन में जिक्र किया।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने कहा कि, बाबा गुरु घासीदास जी के सादा जीवन, उच्च विचार के जो संदेश दिए गए हैं जो संस्कृति और संस्कार बताए गए हैं, उसके सादगी विवाह की परम्परा को हमें गर्व के साथ अपनाने की जरूरत है। आगे गुरु साहेब जी ने कहा कि, जिस प्रकार आज हम दिखावे की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

दिखावे की शादी में धन का खर्च बहुत ज्यादा है। लड़का ढूंढना है या लड़की ढूंढना है तो हम सब लोगों को कितना परेशानी होती है। आज लोग विवाह को सम्मान और इज्जत के रूप में देखते हैं और मन मुताबिक शादी करते हैं भले ही कर्ज लेना पड़े। दिखावे से थोड़ा उठके हमें सादा विवाह की राह बहुत पहले परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी ने दी है। इसमें किसी प्रकार का खर्च नही है। समाज में एक दूसरे के प्रति प्रेम की भावना स्थापित करें।

शिक्षा के स्तर में भी सीजीपीएससी में एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर बनते हैं, उसकी फ्री कोचिंग की व्यवस्था राज्य सरकार ने की है। पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू किए हैं।

### हर जगह के लिए करोड़ों रुपए पैसा स्वीकृत है

मंत्री गुरु साहेब जी ने कहा कि, गिरौधपुरी हो, भंडारपुरी हो, चाहे लालपुर धाम हो, हर जगह के लिए करोड़ों रुपए पैसा स्वीकृत है। किसी प्रकार के कोई कमी नहीं है सिर्फ धार्मिक स्थल की उन्नति और विकास है। सारंगढ़ में प्रतिवर्ष बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती मनाई जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी ने इसके लिए राशि स्वीकृत की है जो आजतक चल रही है। आज मात्र 2 साल के अंदर में मुख्यमंत्री जी ने हमारा हमेशा लगातार सहयोग किया है।


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वावरा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। **संपादक-** सीता शुक्ला। **प्रधान संपादक-** विजय शुक्ला ।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997